रोहतक
गुरुवार, 22 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 111
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 47.0
न्यून. 30.0

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,596.63 | 410.19 ▲ |
| निफ्टी | 24,813.45 | 129.55 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **उछाल** |
| सोना | 98,450 /- | 1910/- ▲ |
| चांदी | 99,160/- | 1600/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.59 | 1 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 66.16/ बैरल | | 1.19% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की दलील

# इस्लाम का जरूरी हिस्सा नहीं वक्फ, न ही संविधान के तहत मौलिक अधिकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



वक्फ (संशोधन) कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी सुनवाई हुई। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि सरकारी जमीन पर किसी का कोई हक नहीं हो सकता, चाहे वो 'वक्फ बाय यूजर' के आधार पर ही क्यों न हो। वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं, बल्कि सिर्फ एक दान की प्रक्रिया है। वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है। इसलिए इस पर संविधान के तहत मौलिक अधिकार के रूप में दावा नहीं किया जा सकता। मेहता ने कहा कि जब तक वक्फ को इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं माना जाता, तब तक अन्य सभी तर्क विफल हो जाते हैं। अगर कोई जमीन सरकारी है तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह उसे वापस ले ले, भले ही उसे वक्फ घोषित कर दिया गया हो। किसी भी प्रभावित पक्ष ने अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया। किसी ने भी ये नहीं कहा कि संसद के पास इस कानून को पारित करने का अधिकार नहीं है।

**वक्फ सिर्फ दान है, जैसे ईसाई धर्म में चैरिटी, हिंदू में दान और सिख में सेवा की परंपरा होती है वैसे ही वक्फ**

**सरकारी जमीन पर किसी का कोई हक नहीं हो सकता, चाहे वह वक्फ बाई यूजर्स के आधार पर ही क्यों न हो**

### यह केवल इस्लाम में दान की व्यवस्था

तुषार मेहता ने कहा कि वक्फ एक इस्लामी विचार है, लेकिन यह इस्लाम का मूल या अनिवार्य हिस्सा नहीं है। यह केवल इस्लाम में दान देने की व्यवस्था है। जैसे ईसाई धर्म में चैरिटी, हिंदू धर्म में दान और सिख धर्म में सेवा की परंपरा होती है, वैसे ही वक्फ है।

### सिर्फ 5 याचिकाओं पर सुनवाई

वक्फ के खिलाफ याचिकाओं पर सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र की तरफ से एसजी तुषार मेहता और याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे हैं। मेहता ने कहा था, सुनवाई उन तीन मुद्दों पर हो, जिन पर जवाब दाखिल किए हैं। नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई कर रहा है। इसमें असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है।

मौके से 20 शव और हथियार बरामद, एक जवान भी शहीद

# छत्तीसगढ़ में डेढ़ करोड़ के इनामी बसवराजू समेत 27 नक्सली ढेर

भाषा ▶▶| नारायणपुर

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-बीजापुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 27 नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सुरक्षाबलों ने इस मुठभेड़ में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव 1.5 करोड़ के इनामी नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू को भी मार गिराया है। इस घटना में सुरक्षाबल का एक जवान शहीद हो गया और कुछ अन्य जवान घायल हुए हैं। अबूझमाड़ में नक्सलियों की केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो के सदस्य व माड़ डिवीजन और पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) के बड़े कैडर की मौजूदगी की सूचना पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंडागांव के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। इसके बाद मुठभेड़ में 27 नक्सली मारे गए।



### इस वर्ष 200 नक्सली मारे

आज की कार्रवाई के साथ ही इस वर्ष अब तक छत्तीसगढ़ में अलग-अलग मुठभेड़ों में 200 नक्सली मारे जा चुके हैं। केंद्र ने मार्च 2026 तक देश को नक्सल समस्या से मुक्त करने का संकल्प लिया है।

### जवानों को बधाई : मोदी

पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व है। हमारी सरकार माओवाद की बुराई को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। जवानों को इस सफलता के लिए बधाई।

### ऐतिहासिक उपलब्धि : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सल आंदोलन के शीर्ष नेता और रीढ़, भाकपा-माओवादी का महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू बुधवार को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## खबर संक्षेप

### एचटेट परीक्षा 26-27 जुलाई को होगी

**भिवानी।** प्रदेश में हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट) की तिथियों की घोषणा कर दी है। 26-27 जुलाई को एचटेट परीक्षा आयोजित होगी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार शर्मा ने यह जानकारी दी है। एचटेट को लेकर गृह जिले में ही सेंटर बनाए जाएंगे, ताकि परीक्षार्थियों को परेशानी न हो। आवेदन पहले ही मंगवा लिए थे। उसमें उम्र के नियम और शर्तें वे ही रहेंगी। नए आवेदन नहीं मांगे जाएंगे। इसलिए नए अभ्यार्थी आवेदन नहीं कर पाएंगे।
हरिभूमि न्यूज

### सोनिया-राहुल के खिलाफ बनता है मामला : ईडी

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली की एक अदालत में कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी, तथा अन्य के खिलाफ प्रथम दृष्टया धन शोधन का मामला बनता है। ईडी ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोग्ने के समक्ष दलील रखीं। इस बीच, न्यायाधीश ने ईडी को निर्देश दिया कि मामले में अपने आरोपपत्र की एक प्रति वह भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी को दे जिनकी निजी शिकायत के आधार पर ईडी ने मौजूदा मामला दर्ज किया था। भाषा

बीबीएमबी पानी देने पर सहमत, मिली कुछ राहत

# भाखड़ा बांध से मिला प्रदेश को पानी डैम की सुरक्षा सीआईएसएफ को सौंपी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- अब 31 मई को फिर होगी बीबीएमबी की बैठक
- तीनों राज्यों को मांग के अनुसार 31 मई तक मिलेगा पानी
- हरियाणा को 100 क्यूसिक प्रति घंटा पानी की सप्लाई
- पंजाब अपना पूरा कोटा तीन हजार क्यूसिक करेगा इस्तेमाल
- 21 से 31 मई तक हरियाणा ने 10,300, राजस्थान ने 12,400 और पंजाब ने 17 हजार क्यूसेक पानी मिलेगा
- आज हाईकोर्ट में फिर सुनवाई होगी
- पंजाब सरकार अपना जवाब कोर्ट में दाखिल करेगी

भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) से आखिरकार हरियाणा, पंजाब और राजस्थान को मांग के अनुरूप पानी दे दिया गया है। 15 मई को हुई बैठक के बाद इन राज्यों को पानी मिला है। वहीं, नंगल डैम की सुरक्षा अब सीआईएसएफ के जिम्मे रहेगी। गृह मंत्रालय ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। बुधवार दोपहर करीब एक बजे बांध के गेट खोल दिए गए। इस दौरान पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा को 100 क्यूसिक प्रति घंटा के हिसाब से पानी छोड़ा गया है। बीबीएमबी ने कहा कि 21 मई से 31 मई तक हरियाणा को 10,300, पंजाब 17,000 और राजस्थान को 12,400 क्यूसिक पानी दिया जाएगा। आगे के लिए पानी बंटवारे को लेकर 31 मई को फिर बीबीएमबी की बैठक होगी। पौंग डैम की तीसरी सुरंग की मरम्मत का काम टालने का फैसला भी बैठक में लिया गया है। बता दें कि लंबे समय से पानी बंटवारे को लेकर हरियाणा और पंजाब में विवाद चल रहा था। मांग के अनुरूप पानी मिलने से हरियाणा को बड़ी राहत मिलेगी।

### पानी आवंटन का नया सर्कल शुरू

बीबीएमबी मुख्यालय में तकनीकी कमेटी की बैठक के बाद तीनों राज्यों के लिए पानी आवंटन का नया सर्कल बुधवार से शुरू हो गया। बीबीएमबी ने फैसला किया है कि हरियाणा, पंजाब और राजस्थान ने 10 दिनों के लिए पानी की जो मांग रखी थी, उसे पूरा किया जाएगा। पंजाब को हरीके से 7000 और रोपड़ से 10,000 हजार क्यूसिक पानी मिलेगा। राजस्थान 12,400 और हरियाणा को13,300 क्यूसिक पानी दिया जाएगा। यह नहर की क्षमता से अधिक है। ऐसे में भाखड़ा नहर के माध्यम से चलने वाले पानी को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है।



### पंजाब पुलिस नहीं करेगी डैम की सुरक्षा

अब भाखड़ा नग्गल डैम की सुरक्षा का जिम्मा सीआईएसएफ को सौंप दिया गया है। अब पंजाब पुलिस सुरक्षा का काम वापस ले लिया गया है। इसके निर्देश केंद्रीय गृहमंत्रालय ने जारी कर दिए हैं। हरियाणा-पंजाब के बीच भाखड़ा बांध के पानी को लेकर खींचतान और विवाद के बीच केंद्र सरकार ने यह फैसला किया है। सीआईएसएफ को 296 पदों की मंजूरी दी गई है और सुरक्षा व्यवस्था के लिए 8.59 करोड़ आवंटित किए हैं।

### नीति आयोग में मुद्दा उठाएगा पंजाब



*पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि राज्य सरकार शनिवार को होने वाली नीति आयोग की बैठक में भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के पुनर्गठन का मुद्दा उठाएगी। उन्होंने कहा कि चूंकि जल स्तर लगातार बदल रहा है, इसलिए जल समझौते की हर 25 साल में समीक्षा की जानी चाहिए। मान ने कहा कि यह वहीं बीबीएमबी है, जिसने पंजाब के अस्तित्व के लिए जरूरी परियोजनाओं के लिए पंजाब से 32 करोड़ रुपये लिए थे। यह धनराशि राज्य को कभी वापस नहीं की गई। पंजाब का बीबीएमबी का लगभग 150 करोड़ (ठीक 142 करोड़ रुपये) बकाया है। सरकार जल्द इस धनराशि की वसूली के लिए दावा दायर करेगी।*

# हरियाणा और चंडीगढ़ में बारिश के साथ गिरे ओले, दिल्ली में 2 की मौत

भीषण गर्मी से मिली कुछ राहत, कई जिलों में तेज आंधी के कारण पेड़ गिरे | शाम के समय बदला मौसम, 70 किमी की रफ्तार से चली हवाएं

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

हरियाणा-पंजाब और चंडीगढ़ कई इलाकों में बुधवार को बारिश के साथ ओले गिरे। दिल्ली में बारिश और आंधी के कारण दो लोगों की मौत हो गई। प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी चलने से पेड़ और बिजली के पोल उखड़ गए। इसके कारण बिजली गुल हो गई और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुरुक्षेत्र, मोहाली, नंगल, चडीगढ़ और खन्ना में बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं, सोनीपत, अंबाला, करनाल, कैथल, पंचकूला और यमुनानगर में तेज बारिश हुई। हिसार, झज्जर, रोहतक, फरीदाबाद, भिवानी, फतेहाबाद, पानीपत और गुरुग्राम में आंधी चली। अंबाला में आंधी के कारण एक बिल्डिंग का हिस्सा गिर गया, तो कैथल और हिसार में सड़क पर पेड़ गिर गए। दिल्ली एनसीआर में शाम 7 बजे के बाद अचानक मौसम बदल गया, बारिश हुई और 70 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। जगह-जगह पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए।



### सिरसा सबसे गर्म जिला रहा, पारा 47° पर

हरियाणा में बुधवार को गर्मी ने अपना रिकॉर्ड तोड़ दिया। सिरसा में इस सीजन पहली बार तापमान 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में 12 जिलों, सिरसा, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, रोहतक, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल और नूंह में लू चली। लोग दिनभर घरों में ही दुबके रहे। शाम को गर्मी से कुछ राहत मिली। 24 घंटे में सिरसा के अधिकतम तापमान में 1.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### सात जिलों के स्कूलों का समय बदला

- हिसार और चरखी दादरी में पहली से 5वीं क्लास तक स्कूलों का टाइम बदला गया है। ये स्कूल अब 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक ही होगा। अध्यापकों का समय सुबह 7 से दोपहर डेढ़ बजे तक रहेगा।
- सिरसा, फतेहाबाद और रेवाड़ी में पहली से 8वीं कक्षा तक के सभी स्कूल अब सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेंगे।
- महेंद्रगढ़ में एक से लेकर 12वीं तक के सभी स्कूल-कॉलेज सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक लगेंगे।

### अब तीन दिन और बारिश की संभावना

हरियाणा में 23, 24 और 25 मई को भी अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। 26 मई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके साथ कुछ स्थानों पर गरज और बिजली के साथ तेज हवा (गति 40-50 किमी प्रति घंटा) चलने की संभावना है।

### इंडिगो फ्लाइट की आपात लैंडिंग, अगला हिस्सा टूटा

**श्रीनगर।** दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट बुधवार शाम टर्बुलेंस में फंस गई। जैसे ही फ्लाइट में झटके लगने शुरू हुए उसमें सवार यात्री डर से लोग चीखने लगे। पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल श्रीनगर को इसकी जानकारी दी और इमरजेंसी लैंडिंग कराई। फ्लाइट में 227 यात्री सवार थे। सभी यात्री और एयरक्रू पूरी तरह सुरक्षित हैं। सुरक्षित लैंडिंग के बाद देखा गया कि फ्लाइट की नोज कोन (आगे का हिस्सा) टूट गया है। इंडिगो ने बताया, ओलावृष्टि के कारण इमरजेंसी के हालात बने।

सीएम सैनी ने करनाल में जेल प्रशिक्षण अकादमी का किया उद्घाटन

# प्रदेश में जल्द ही भरे जाएंगे जेल वार्डर के 1300 पद

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को जेल विभाग में बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य की न्यायिक और सुधारात्मक प्रणाली को और मजबूत किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश में जेल वार्डरों के करीब 1300 पद जल्द भरे जाएंगे। जेल विभाग में मेडिकल और पैरामेडिकल रिक्तियों के साथ-साथ करनाल में नवनिर्मित जेल प्रशिक्षण अकादमी के लिए आवश्यक स्टाफ के पदों को भी जल्द भरा जाएगा। मुख्यमंत्री ने करनाल में जेल प्रशिक्षण अकादमी का उद्घाटन करने के बाद ये घोषणाएं कीं।



**300 करोड़ की लागत से पंचकूला, दादरी व फतेहाबाद में बनेंगी नई जेलें**

सीएम ने कहा कि 6.5 एकड़ में फैली और 3.29 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस अकादमी में ऊर्जा कुशल और तापमान अनुकूल तकनीक का इस्तेमाल किया है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि लगभग 300 करोड़ रुपये से पंचकूला, दादरी और फतेहाबाद में नई जेलों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, करनाल में जिला जेल परिसर में एक गोशाला भी शुरू की जाएगी।

महमूदाबाद मामले में एसआईटी गठित करने के आदेश

# सुप्रीम कोर्ट से अशोका विवि के प्रोफेसर महमूदाबाद को बेल

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार 'अशोका यूनिवर्सिटी' के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को बुधवार को अंतरिम जमानत दे दी, लेकिन उनके खिलाफ जांच पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत व न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने हरियाणा के डीजीपी को निर्देश दिया कि वह मामले की जांच के लिए 24 घंटे में अधिकारी के नेतृत्व में तीन-सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करें, जिसमें एसपी रैंक की एक महिला अधिकारी भी शामिल हो। याचिकाकर्ता को जांच में मदद के लिए अंतरिम जमानत दी गई है। शीर्ष अदालत ने महमूदाबाद को अपना पासपोर्ट जमा करने का निर्देश भी दिया। पीठ ने कहा कि एसआईटी में सीधे भर्ती किए गए तीन आईपीएस शामिल होने चाहिए- जो हरियाणा के निवासी नहीं होंगे। आईजी रैंक के अधिकारी भी इसमें होने चाहिएं।



**प्रोफसर अली ने ऑपरेशन सिंदूर पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी**

**उपलब्धि** हाई लैंप यह सम्मान पाने वाली पहली कन्नड़ भाषा की पुस्तक

*इसे दीपा भास्ती ने अंग्रेजी में किया था अनुवाद हार्ट लैंप को दुनियाभर की 6 किताबों में से चुना गया*

# भारतीय लेखिका बानू मुश्ताक बुकर पुरस्कार से सम्मानित

भाषा ▶▶| लंदन

लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता और वकील बानू मुश्ताक के कन्नड़ लघु कथा संग्रह 'हृदय दीप' के अनूदित संस्करण 'हार्ट लैंप' को लंदन में अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पहली कन्नड़ कृति है, जिसे 50,000 पाउंड के अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। मुश्ताक ने मंगलवार रात 'टेट मॉडर्न' में एक समारोह में अपनी इस रचना की अनुवादक दीपा भास्ती के साथ पुरस्कार प्राप्त किया। मुश्ताक ने इस उपलब्धि को विविधता की जीत बताया है। दीपा भास्ती ने इस किताब का कन्नड़.से अंग्रेजी में अनुवाद किया था।



### क्या है संग्रह में

मुश्ताक की 12 लघु कहानियों का यह संग्रह दक्षिण भारत के पितृसत्तात्मक समुदाय में हर दिन महिलाओं के लचीले रुख, प्रतिरोध और उनकी हाजिरजवाबी का वर्णन करता है, जिसे मौखिक कहानी कहने की समृद्ध परंपरा के माध्यम से जीवंत रूप दिया गया है।

### कोई भी कहानी छोटी नहीं : मुश्ताक

मुश्ताक ने कहा, 'यह किताब इस विश्वास से पैदा हुई है कि कोई भी कहानी कभी छोटी नहीं होती और मानवीय अनुभव के ताने-बाने में बुना गया हर धागा पूरी कहानी का भार उठाता है।'

### कितनी खूबसूरत जीत : दीपा

अनुवादक दीपा भास्ती ने कहा, 'मेरी खूबसूरत भाषा के लिए यह कितनी खूबसूरत जीत है।'

### कन्नड़ की महानता का झंडा बुलंद : सिद्धरमैया

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मुश्ताक की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कन्नड़ की महानता का झंडा बुलंद किया है। 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'साहित्य के लिए अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाली गौरवशाली कन्नड़ लेखिका बानू मुश्ताक को हार्दिक बधाई। यह कन्नड़, कन्नड़ भाषियों और कर्नाटक के लिए जश्न मनाने का समय है।'

### भारत ने पाकिस्तान हाईकमीशन के अफसर को निकाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने बुधवार शाम को पाकिस्तान हाई कमीशन के एक और अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। ऐसा 8 दिनों में दूसरी बार किया है। इससे पहले 13 मई को एक अफसर को 'पर्सोना नॉन ग्राटा' घोषित कर भारत से जाने को कहा था। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह अफसर अपने पद के अनुरूप काम नहीं कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक, निष्कासित अफसर पर भारत के खिलाफ जासूसी जैसे गंभीर आरोप हैं। 'पर्सोना नॉन ग्राटा' किसी भी विदेशी राजनयिक को अवांछनीय घोषित करने की वह स्थिति होती है, जिसमें उसे देश से तुरंत चले जाने को कहा जाता है।

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY
KIIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India
8th in India (both Govt. & Pvt.) in the Times Higher Education (THE) Asia University Ranking 2025
A++ Grade Accredited by NAAC
Tier 1 Re-accredited by NBA All Engineering Programs for 6 Years
Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
ABET (US) Accreditation
601-800 University Ranking World University Rankings 2024
The Institute of Engineering and Technology
KIIT SCHOOL OF PUBLIC HEALTH
ADMISSION OPEN
Apply Now — Through the website www.kiitee.kiit.ac.in
Last Date to Apply 4th June 2025 — No Examination Fee (Computer-Based Test)
COURSE OFFERED
Master of Public Health (MPH) 2 years &
Master of Hospital Administration (MHA) 2 yrs
Eligibility: Graduates from all Streams
Ph.D
Why KIIT School of Public Health?
Global Faculty Exposure
Industry Partnerships
Diverse Campus
Highly Qualified Faculty
Internship Opportunities
Placement in Leading Hospitals & Organizations
Scan to Apply
Director, Admissions :
Admission Cell, Koel Campus, Po- KIIT Bhubaneswar-751024, Odisha, India | Ph: 8080 735 735 Fax : 0674 - 2741465 | Email: admission@kiit.ac.in Website: www.kiitee.ac.in
CALL Now | +91 0674 7105376 director.ksph@kiit.ac.in
KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

## खबर संक्षेप



### बीबीएमबी डिस्पेंसरी को नए उपकरण मिले

**चंडीगढ।** बीबीएमबी के अध्यक्ष, मनोज त्रिपाठी ने चंडीगढ़ के सेक्टर 35 में स्थित बीबीएमबी डिस्पेंसरी में स्थापित कई फिजियोथेरेपी उपकरणों यानी शॉर्ट वेव डायथर्मी और इंटेलेक्ट मोबाइल कॉम्बो यूनिट और इंटेलेक्ट मोबाइल लेजर का उद्घाटन किया। मशीनें चिकित्सा के विभिन्न तरीकों का उपयोग करती हैं जैसे डीप हीटिंग, विद्युत चुम्बकीय तरंगें, प्रकाश ऊर्जा, विद्युत आवेग और ये दर्द से राहत, मांसपेशियों की रिकवरी करने में सहायता करने में सक्षम हैं।

### भिवानी-दादरी में गंभीर जल संकट : अनिरुद्ध

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने भिवानी और दादरी में उत्पन्न गंभीर जल संकट को लेकर प्रदेश सरकार सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि इन जिलों में नहरी पानी की आपूर्ति ठप होने से खेती-किसानी बुरी तरह प्रभावित हो रही है, वहीं गांवों में पीने के पानी की भी भारी किल्लत पैदा हो गई है। चौधरी ने कहा, दक्षिण हरियाणा के किसान आज बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं।

### अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जारी किए आदेश

# रिटायरमेंट के बाद प्रशासनिक काम कर रहे डॉक्टर्स की छुट्टी, सभी जिलों से मांगा ब्योरा

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

स्वास्थ्य विभाग में रिटायर हो जाने के बावजूद प्रशासनिक कामकाज में लगे चिकित्सकों को कार्यमुक्त करने का सूबे की सैनी सरकार की ओर से आदेश जारी कर दिया है। फिलहाल, ओपीडी में मरीज देखने वाले रिटायर डॉक्टरों को लेकर स्पष्ट आदेश जारी नहीं किया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से आदेशों में रिटायर और प्रशासनिक कामकाज करने वालों को कार्यमुक्त करने के आदेश दिए थे। बताया जा रहा है कि प्रदेश मुख्यालय पर तैनात इस तरह की पोस्टिंग पाकर बैठे चिकित्सकों द्वारा प्रशासनिक कामकाज में दखलअंदाजी की शिकायत पहुंच रहीं थी। अब एसीएस के आदेश के बाद में स्वास्थ्य मुख्यालय पर कई डाक्टरों को प्रशासनिक कामकाज से मुक्त कर दिया है। इन्हें पूरी तरह से कार्यमुक्त करने को डीजी हेल्थ ने एक माह का नोटिस देने की अनुमति मांगी है। अतिरिक्ति मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की ओर से डीजी स्वास्थ्य विभाग को बीती शाम इस आशय के आदेश भेजे थे। अब सभी जिलों के सीएमओ और सेहत विभाग मुख्यालय से इस तरह के डॉक्टर्स का ब्योरा मांगा है।

### ओपीडी में ड्यूटी देने वालों पर गाज नहीं



हरियाणा स्वास्थ्य महानिदेशक की ओर से अब अतिरिक्त मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर कहा है कि उनकी सेवा समाप्ति के लिए इन्हें माह का नोटिस दिया जाना जरूरी है। साथ ही यह पुष्टि कर दी गई है, कि इन्हें प्रशासनिक काम से हटा दिया गया है। अब इस तरह से एक माह का नोटिस थमाए जाने को लेकर एसीएस से परमिशन मांगी गई है। ओपीडी में ड्यूटी देने वालों पर गाज नहीं गिरी है। उक्त रिटायर्ड डॉक्टरों से संबंधित जानकारी जल्द से जल्द प्रदेश मुख्यालय पर देनी होगी। पत्र में तुरंत ही इस तरह के रिटायर लोगों को कार्यमुक्त करने के आदेश के बाद में अब हड़कंप के हालात हैं, इस तरह के कामों में लगे चिकित्सक भागदौड़ में जुट गए हैं। जबकि कुछ फाइलें छोड़कर सोमवार को ओपीडी में बैठे हुए दिखाई दिए।

**डॉक्टर्स की कमी**

### विभाग में क्लीनिकल ड्यूटी के लिए रखे कंसलटेंट, रूचि फाइलों में

विभाग में डॉक्टरों की कमी को देखते हुए राज्य सरकार अक्सर रिटायर होने वाले डॉक्टरों को क्लीनिकल कंसलटेंट और सीनियर कंसलटेंट के तौर पर रखा जा रहा है। लेकिन फायदा विभाग को नहीं मिलता, क्योंकि उनकी रूचि फाइलों और दफ्तरों में बैठने में ज्यादा है। प्रदेश मुख्यालय पंचकूला में यह ज्यादा परेशानी आ रही है, कईं ने अपने अलग अलग दफ्तर और स्टाफ का भी जुगाड़ कर लिया है। अर्थात ओपीडी और मरीजों से छुटकारा पा जाते हैं। इस तरह के मामलों से जहां आला अफसरों को दिक्कत हो रही है, वहीं मरीजों को इनका फायदा नहीं मिलता। इतना ही नहीं आए दिन इनके कामकाज को लेकर सीएमओ (मुख्यमंत्री ऑफिस ) में लोग शिकायत कर चुके हैं।जिस पर सरकार ने इनकी छुट्टी करने का फैसला ले लिया है। अब देखना यह है कि एसीएस के लैटर का क्या असर होता है ? खास बात यह है कि कईं बार सीएम की बैठकों में भी मामला उठ चुका है, क्योंकि मरीजों को देखने के स्थान पर दफ्तरों में जमे रहने की शिकायतें पहुंच रही थी।

### डीजी हेल्थ को एसीएस के सामने रखनी है रिपोर्ट

रसूखदार और इंप्लॉयमेंट के बाद दफ्तरों और प्रशासनिक कामों में जमे डॉक्टरों पर कार्रवाई को लेकर एसीएस ने रिपोर्ट मांगी है। अब इन कार्यों में लगे और फाइलें पीटने वालों ने अस्पताल में ओपीडी का रुख कर लिया है, लेकिन सरकार सख्ती के मूड में हैं। कुल मिलाकर मंगलवार और बुधवार तक सारी अपडेट डीजी हेल्थ को एसीएस के सामने रखनी होगी। जिसके बाद में यह रिपोर्ट सरकार तक जाएगी।

### रिटायर डॉक्टरों की सुविधा के अनुसार पत्र तैयार किए गए

प्रदेश सेहत विभाग में कई तरह के आदेश भी रास्ते की बाधा बने हुए हैं। बताते हैं कि कई रिटायर डॉक्टरों द्वारा अपनी सुविधा के हिसाब से पत्र तैयार किए गए थे, रिटायर होने के बाद भी वे कई कई साल से प्रशासनिक कामकाज कर रहे हैं। अब यह डॉक्टर क्लीनिकल कामों की ओर दौड़ रहे हैं, कई ने ओपीडी संभाल ली है, लेकिन मामले में तकनीकी दिक्कत यह है कि बरसों से ओपीडी छोड़ चुके इन डॉक्टरों को ओपीडी में काम करना भी आसान नहीं है।

### स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय से कई डॉक्टर कार्य मुक्त किए

राज्य सरकार स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा जारी पत्र का प्रभाव दिखाई देना शुरू हो गया है। इस क्रम में सबसे पहले पूर्व डीजीएचएस आरएस पूनिया, डॉ. अपराजिता, डॉ. रेखा सिंह, डॉ. नीरू कपूर और डॉ. प्रवीण सेठी इनको स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय से कार्य मुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा डाक्टर सुवीर सक्सेना का एक साल पूरा हो गया था, जिन्होंने आगे के लिए रिइंप्लायमेंट मांगा था, उनको भी नहीं मिली है।

## मुख्यमंत्री सैनी ने पीएम से मुलाकात करके ऑपरेशन सिंदूर की बधाई दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की बधाई दी और सेना का आभार जताया। इसके उपरांत हरियाणा भवन नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के जांबाज सैनिकों ने आतंकी ठिकानों को उनकी सर जमीन पर ही मिट्टी में मिलने का काम किया है। ऐसा ऐतिहासिक निर्णय प्रधानमंत्री ही ले सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने कायराना हरकत कर निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतारा। इस घटना से देश के लोग आहत थे और उनमें रोष था। देश के नागरिक आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई चाहते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और हमारे सैनिकों ने आतंकियों को उन्हीं की सर जमीन पर जाकर धूल में मिलाने का काम किया।



**आतंकवाद पर सख्त कदम**

नायब सैनी ने कहा कि 2014 से पहले आतंकवादी देश में घुसकर घटनाओं को अंजाम देते थे। पूरे देश में भय का माहौल था कोई भी सुरक्षित नहीं था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाने का काम किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है आतंकवाद की बची हुई जमीन को मिट्टी में मिलाने का। जहां से आतंकवादी जन्म लेते थे और पाक उन्हें संरक्षण देता था।

**अभय चौटाला बोले**

### 25 को पंजाब और हरियाणा बॉर्डर के रास्ते बंद करेंगे



**चंडीगढ़।** पानी के मामले पर इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला के नेतृत्व में 15 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने सुबह राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसके बाद जाट भवन, चंडीगढ़ में इनेलो की राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी की बैठक में पहुंचे। बैठक के बाद अभय चौटाला ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब सरकार ने 9 हजार की बजाय 5 हजार क्यूसेक पानी दिया है। 25 मई को पंजाब हरियाणा बॉर्डर के रास्ते को बंद करके सांकेतिक बंद किया जाएगा जिसमें पंजाब नम्बर के सभी वाहनों को रोका जाएगा। अंबाला जॉन में पंजाब के दो बॉर्डर है उनमें प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा के नेतृत्व में बंद करेंगे। सिरसा बॉर्डर पर आदित्य

### विस अध्यक्ष की चाची का निधन, सीएम ने शोक जताया

**चंडीगढ।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की चाची गुरूबचनी देवी के निधन पर उनके निवास स्थान कल्याण फार्म पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार में अपनो का जाना बेहद दुखद होता है लेकिन संसार में जीवन और मृत्यु निश्चित है। उन्होंने पारिवारिक सदस्यों का ढांढस बंधाया। बता दें कि श्रीमती गुरूबचनी देवी का निधन 19 मई को हो गया था।

### कामकाज में देरी करने वाली एजेंसी ब्लैकलिस्ट हो : गोयल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि निकाय से संबंधित विकास कार्य में किसी प्रकार की लेट लतीफी नहीं होनी चाहिए, अगर कोई एजेंसी तय समय में विकास से सम्बंधित प्रोजेक्ट को पूरा करने में देरी कर रही है तो ऐसी एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाए। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने विभिन्न पहलुओं को लेकर निकाय विभाग के अधिकारियों की बैठक ली है। बैठक के दौरान विभाग से जुड़े अलग अलग पहलुओं पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने रिव्यू किया है। उन्होंने इस दौरान कहा कि विकास कार्यों से सम्बंधित टेंडर लेने वाले ठेकेदार अथवा एजेंसी की मॉनिटरिंग की जाए, खास कर उनपर नज़र रखी जाए जो 10 प्रतिशत माइन्स में टेंडर लेकर कार्य कर रहे है, उनके काम काज की क्वालिटी की समय समय पर जांच हो। कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा कि कुछ एजेंसी काम का टेंडर लेकर उसे तय समय में पूरा करने की बजाय, आगे आगे समय बढ़ाते रहते है जो ठीक नहीं है। जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

### पशुपालन विभाग का प्रशिक्षण कैलेंडर जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा पशुपालन विभाग आयुक्त एवं सचिव विजय सिंह दहिया ने प्रशिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, हिसार के वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर (2025-26) का विमोचन किया। आयुक्त एवं सचिव ने बताया कि वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर में संस्थान में अलग-अलग विषयों पर 12 प्रशिक्षण कार्यक्रम, अन्य संस्थानों के सहयोग से 5 प्रशिक्षण कार्यक्रम, 10 विभिन्न विषयों पर ऑनलाइन/वेबिनार प्रशिक्षण कार्यक्रम, पशु चिकित्सकों की एक वर्कशॉप और संस्थान के फैकल्टी सदस्यों के लिए विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जीन्द

मुक़दमा नम्बर- 117, दिनांक 09.05.2025, धारा 127 (6) बीएनएस, थाना सिविल लाईन, जीन्द।

**गुमशुदा की तलाश**

नाम- ज्योति
पति का नाम- कृष्ण
पता- गांव पुर जिला भिवानी
उम्र 28 साल
कद- 5 फुट 2 इंच
हुलिया- रंग सावला, हरे रंग का सुट-सलवार पहने व पैरों में काली चप्पल पहने हुए। जो बिना किसी को बताए नया बस अड्डा जींद से गायब हैं। यदि किसी को पता चले तो मोबाइल नं0 8814011563 प्रबन्धक अफसर थाना सिविल लाईन जीन्द व 01681-245711 कंट्रोल रुम जीन्द से सम्पर्क करें।
प्रबन्धक अफसर
थाना सिविल लाईन, जीन्द।



पीआरडीएच 1084/11/3416/2026/34947/88/6 दि. 21.05.2025

## THE HARYANA CO-OPERATIVE SUGAR MILL LTD., BHALI ANANDPUR, ROHTAK

Email:rtk.sugar@gmail.com, website: www.rohtaksugars.com
Contact No. 01258-250641, 250800

**ई-निविदा सूचना**

हरियाणा सहकारी चीनी मिल्स लि०, भाली आनन्दपुर, रोहतक हेतू मूल निर्माताओं/अधिकृत वितरकों एवं पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

**आईट्मस का विवरणः-**

1. मिल में लेखा विभाग के विभिन्न कार्यों के लिए आउटसोर्स आधार पर चार्टड अकाउंटेंट हायर करने बारे।
2. जनरल मिल स्टोर मदों की खरीद।
3. रिफाइनरी स्पेयर्स की खरीद।
4. सीमैन्स एण्ड एल एण्ड टी मेक के बिजली के स्पेयर्स का रेट कान्ट्रैक्ट करवाना।
5. एल.पी.जी. एवं ऑक्सीजन गैस का रेट कान्ट्रैक्ट करवाना।
6. बियरिंग्स की खरीद एवं रेट कान्ट्रैक्ट करवाना।
7. वैल्डिंग इलैक्ट्रॉड की खरीद एवं रेट कान्ट्रैक्ट करवाना।
8. सिविल कार्यों के रेट कान्ट्रैक्ट करवाना।
9. शुगर गोदाम नं0 1 व 2 के मध्य इन्टरलोकिंग टायल बिछाने का कार्य ठेके पर करवाना।
10. फैब्रीकेशन एवं इरैक्शन के कार्यों का रेट कान्ट्रैक्ट करवाना।
11. बन्द सीजन एवं आगामी पेराई सत्र 2025-26 व बन्द सीजन एवं आगामी पेराई सत्र 2026-27 के दौरान प्लांट की मरम्मत व रखरखाव का कार्य ठेके पर करवाना।
12. पावर टरबाइन की ऑवरहालिंग, मरम्मत व असैम्बलिंग का कार्य मूल निर्माता मै० त्रिवेणी से ठेके पर करवाना।

निविदा दस्तावेज विवरण, मात्रा, विनिर्देशन तथा अन्य नियम व शर्तों के साथ पोर्टल etenders.hry.nic.in पर उपलब्ध है। सभी निविदाएं दिनांक 26.05.2025 को प्रातः 9:00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा पोर्टल etenders.hry.nic.in पर जमा की जाएंगी एंव तकनीकी व वित्तिय निविदाएं दिनांक 26.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे खोली जाएंगी। निविदादाता सभी मदों के लिए अपनी दरें न्यूनतम आधार पर देवें।

उक्त बारे यदि आवश्यक हुआ तो नैगोसिएशन दिनांक 28.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे मिल कार्यालय में की जाएगी। उपरोक्त सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए निविदादाता मोबाइल नं0-9728341414 या 9540622500 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-मुख्य लेखा अधिकारी
कृतेः प्रबन्ध निदेशक

संवाद 1039/11/81/2026/34949/C/88/6 दि. 21.05.2025

## पी. एम. श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम, जिला कैथल (हरियाणा)

### सत्र 2025-26 हेतु विभिन्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनवि तितरम, जिला कैथल में सत्र 2025-26 के लिए निम्नांकित वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी आपूर्तिकर्ताओं से मुहर बंद निविदाएं आंमत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|
| 01 | सूखा राशन सामग्री, | 30000 | 200 |
| 02 | ताजा फल एवं हरी सब्जी, | 10000 | 100 |
| 03 | दैनिक उपयोगी सामग्री (साबुन नहाने का, कपड़े धोने का साबून पेस्ट, टूथब्रश, हेयर ऑयल इत्यादि) | 10000 | 100 |
| 04 | यूनिफोर्म धुलाई एवं प्रेस कार्य, | 5000 | 100 |
| 05 | हलवाई (मिठाई, समोसे, नमकीन इत्यादि बनाने के लिए) | 5000 | 100 |
| 06 | कम्प्युटर ए.एम.सी. | 10000 | 100 |
| 07 | सी.सी.टिवी केमरा ए.एम.सी. | 10000 | 100 |
| 08 | भवन निर्माण सामग्री रंग-रोगन इत्यादि । | 10000 | 100 |
| 09 | वीटा ब्रान्ड की सभी मिठाई सामग्री दूध, पनीर दही, बटर, शुद्ध घी, इत्यादि पर प्रिन्ट रेट पर प्रतिशत छूट | 5000 | 100 |
| 10 | सेप्टीक टैंक सफाई | 5000 | 100 |
| 11 | टक शॉप विद्यालय के लिए | 5000 | 100 |
| 12 | बाल कटिंग, | 2000 | 100 |
| 13 | भ्रमण हेतु बस किराया प्रति किलो मीटर रेट (13,18,26,32,42,52 सीटर बस) | 5000 | 100 |

**प्रत्येक सामग्री के लिए निविदा शर्तेः-**

1. सभी निविदाएं केवल विद्यालय की अधीकृत वेबसाईट https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/KAITHAL/en/home/ से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते है। संबंधित निविदा के साथ "निविदा प्रपत्र शुल्क मय धरोहर राशि" डिमाण्ड ड्राफ्ट (चेक स्वीकार नहीं है) संलग्न कर, रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से अथवा विद्यालय मे दिनांक 05.06.2025 सांय 04:00 बजे तक उपस्थित होकर विद्यालय में रखे सीलबंद बाक्स में डाली जा सकेगी। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 06.06.2025 को प्रातः 10:00 बजे क्रय सलाहकार समिति की उपस्थिति में प्राचार्य कार्यालय पी.एम.श्री स्कूल जनवि-तितरम, कैथल में खोली जाएँगी।
2. आवश्यक धरोहर राशि प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम कैथल के पक्ष में केवल (केवल कैथल में देय) बैंक ड्राफ्ट बनवाकर निविदाओं के साथ जमा करवानी अनिवार्य होगी। वेबसाईट से डाउनलोड फॉर्म का शुल्क धरोहर राशि के साथ जोड़कर बैंक ड्राफ्ट बनवाना अनिवार्य है। धरोहर राशि एवं फॉर्म का शुल्क नहीं होने पर फॉर्म स्वीकृत नहीं होगा।
3. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार क्रय सलाहकार समिति के पास रहेगा।

हस्ता/- प्राचार्य
पी.एम. श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय
तितरम, जिला कैथल (हरि०)

## THE MEHAM COOP. SUGAR MILLS LTD., MEHAM DISTT. ROHTAK - 124112

**चुनाव सूचना**

चीनी मिल महम की आगामी प्रबन्ध कमेटी (निदेशक मण्डल) के चुनाव हेतु तत्कालीन जोनल कमेटी की बैठक दिनांक 5.12.2023 द्वारा सम्भावित जोनों व मतदाता सूचियों को अनुमोदित किया गया तथा उन पर आपत्तियां मांगी गई। उन आपत्तियों पर वर्तमान जोनल कमेटी की बैठक दिनांक 20.5.2025 में निर्णय लिया गया कि आपत्तिकर्ता अपनी आपत्ति से संबंधित दस्तावेज दिनांक 5.6.2025 तक मिल कार्यालय में जमा करवायें। आपत्तियों को निपटारा जोनल कमेटी की बैठक दिनांक 9.6.2025 में सुबह 11.00 बजे चीनी मिल परिसर में किया जायेगा । अतः सभी आपत्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे अपनी आपत्ति से संबंधित दस्तावेज दिनांक 5.6.2025 तक सांय 5 बजे तक मिल कार्यालय में जमा करवायें व दिनांक 9.6.2025 को सुबह 11.00 बजे चीनी मिल परिसर में जोनल कमेटी के सम्मुख व्यक्तिगत सुनवाई हेत उपस्थित होवें । यदि कोई आपत्तिकर्ता निर्धारित समय के दौरान उसकी आपत्ति के संदर्भ में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करता है व दिनांक 9.6.2025 को व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान उपस्थित नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में जोनल कमेटी द्वारा उपलब्ध रिकार्ड के आधार आपित्तयों का निपटान कर दिया जायेगा ।

हस्ता/-प्रबन्ध निदेशक

संवाद 1039/11/82/2026/34978/C/88/6 दि. 21.05.2025

## हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

### घोषणा

नीचे तालिका में वर्णित अनुसार पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप स्क्रीनिंग टेस्ट्स आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 52/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 01.06.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | अर्थशास्त्र विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 47/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 01.06.2025 (सायंकालीन सत्र) |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 26.05.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 21.05.2025
हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला
संवाद-1156/13/325/2026/34960/88/6 दि. 21.05.25

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

**अम्बाला मंडल, उत्तर रेलवे में एन.एस.जी-5 तथा एनएसजी-6 श्रेणी के स्टेशनों पर "स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट" को तीन वर्ष के लिये अधिकृत करने के लिए निविदाएं आमन्त्रित करना।**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा मोहरबंध निविदाय इछुक उम्मीदवारों से स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति हेतु **50** स्टेशनों पर **03** वर्षो की अवधि के लिए आमंत्रित किये जाते है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| NIT संख्या एवं दिनाक | एनआर-यूएमबीओसीओएम/12/2025-O/o सीडीएम1/यूएमबी/एनआर दिनांक: 13.05.2025 | | |
| रेलवे की वेबसाइट | www.nr.indianrailways.gov.in | निविदा पत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि | 16.05.2025 |
| निविदा पत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 17.06.2025 को 14:00 बजे | निविदा पत्र जमा करने की तिथि एवं स्थान | 17.06.2025 from 10:00 hrs to 15:00 hrs |
| निविदा पत्र खुलने की तिथि एवं स्थान | 17.06.2025 को 15:30 बजे (O/o प्रवर मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अम्बाला छावनी, हरियाणा-133031) | | |
| स्टेशन के नाम | फतूही, न्यू मोरिंडा, घग्गर, बरवाला, धुलकोट, अलाल, भरतगढ़, बड़ोग, बहादुर सिंह वाला, बठिंडा कैंट, चावापयल, छींटावाला, ढबलान, बल्लुअना, धांसू, दौन कलां, दुखेड़ी, गिल, गुम्मन, गुरने, हिम्मताना, हंडाया, जुतोग, जमालपुर सेखा, कनोह, कंडाघाट, कैथलीघाट, कौली, कौलसेरी, कुमारहट्टी, कलानौर, कोटी, लहरामुहब्बत, मुस्तफाबाद, मियांपुर, नौगांवां, किलारायपुर, रायपुर (हरियाणा), सराय बंजारा, साधूगढ़, सेखा, सोगी, समरहिल, सलोगड़ा, शंभू, सोनवाड़ा, टक्साल, तारा देवी, केसरी, बसी पठाना | | |
| निविदा पत्र का मूल्य (गैर वापसी) | रु.1000/-, + 18% जीएसटी कुल राशि 1180/- जो कि वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक उत्तर रेल अम्बाला छावनी के नाम डिमांड ड्राफ्ट के रूप में देय हो | | |
| ध्यान धरोहर राशि (वापसी योग्य) | 2000/- NSG-6 व 5000/- NSG-5 के लिये जो कि वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबंधक, उत्तर रेलवे अम्बाला छावनी के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप or मनी रिसीप्ट में देय हो। | | |

निविदा पत्र वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी के कार्यालय से रु.1180/- के नगद भुगतान (मनी रिसीप्ट) करके अथवा डिमांड ड्राफ्ट जमा करके भी प्राप्त किए जा सकते हैं। **नोटः** आवेदक को आवेदन पत्र हिंदी या अंग्रेजी में भरना व जमा करना होगा। यदि कोई आवेदक दोनो भाषाओं में आवेदन पत्र जमा करता है तो रेलवे प्राधिकरण आवेदन को अस्वीकार कर सकता है।

एनआर-यूएमबीओसीओएम/12/2025-O/o सीडीएम1/यूएमबी/एनआर Date: 13.05.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1487/2025

## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा**

**खुली निविदा संख्या 09-अम्बाला/2025-26 दिनांक 21.05.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (i) एडीईएन/पीटीए के अधीन एलडीएच-डीयूआई खंड पर एएचएच-केयूपी के बीच किमी 28/1-2 पर पुल संख्या 71 (3x8.54 मीटर, 2x3.35 मीटर) के स्टील गर्डरों को पीएससी स्लैब के साथ बदलने के लिए संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति के साथ पुल उप-संरचना की जैकेटिंग। (ii) एडीईएन/पीटीए के अधीन जेएचएल-एचएसआर खंड पर जेपीएस-यूकेएन के बीच किमी 21.773 पर पुल संख्या 19-ए (5x6.10 मीटर) के स्टील गर्डरों को पीएससी स्लैब के साथ बदलने के लिए संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति के साथ पुल उप-संरचना की जैकेटिंग। | 1,24,29,832 | 2,12,200 | 08 महीने | 13.06.2025 |
| 2 | टीएसआर (पी) -15.645 किमी. पीक्यूआरएस द्वारा और यूएमबी-एलडीएच सेक्शन पर अन्य संबद्ध कार्य तथा सीनियर डीईएन-IV/यूएमबी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अन्य स्थान। | 2,01,48,218 | 2,50,800 | 12 महीने | 13.06.2025 |
| 3 | एडीईएन/बीटीआई के अधीन एसएसई/पी. वे/बीटीआई के खंड में बीटीआई यार्ड में टीएसआर (पी), टीआरआर (पी) और डीप स्क्रीनिंग। | 52,66,179 | 1,05,300 | 06 महीने | 13.06.2025 |

**नोट :-** **1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **1496/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | पुनरोत्थान सुधार-आधारित और परिणाम-जुड़ी हुई स्कीम (हिसार) के तहत टर्नकी आधार पर 46 अदद मौजूदा 33 केवी सब स्टेशनों के संवर्धन हेतु सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, प्रचालन (स्थल आवश्यकता के अनुरूप सिविल कार्य समेत)। | 17.05.2025 12.06.2025 | ईएमडी 1.57 करोड़ | www.dhbvn.org.in | 01662-223216 cepdc@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएन | इंक्वायरी नं. टीएसजीपी-31/आरडीएसएस/2025-26 के तहत आरडीएस स्कीम के तहत गुरूग्राम-1 वृत्त, डीएचबीवीएन के आईएमटी मानेसर में 66 केवी सब स्टेशनों सेक्टर-1, 2, 3, 4, 8 से केवी फीडर्स (शहरी एवं औद्योगिक) इमेनेटिंग की 11 वितरण अवसंरचना का विकास। | 14.05.2025 27.06.2025 | 143.02 करोड़ | www.dhbvn.org.in | 7840087603 cesmartcity@dhbvn.org.in |
| 3 | डीएचबीवीएन | टीआरडब्ल्यू भिवानी में वॉशरूम और सीमेंट कंक्रीट फ्लोरिंग का निर्माण तथा सीवर लाइन और कुछ सम्बद्ध कार्यों का प्रावधान। | 16.05.2025 09.06.2025 | 34.73 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 4 | डीएचबीवीएन | पुनरोत्थान सुधार-आधारित और परिणाम-जुड़ी हुई स्कीम के तहत टर्नकी आधार पर प्रत्येक सब स्टेशन के लिए सम्बद्ध 33 केवी लाइंस और 11 केवी लाइंस के साथ-साथ 11 केवी ब्रेकर के 8 पैनल सैट निहित 'ओपी' वृत्त, डीएचबीवीएनएल, हिसार के तहत 'ओपी' वृत्त, डीएचबीवीएनएल फतेहाबाद और जाखोद खेड़ा के तहत 'ओपी' वृत्त, डीएचबीवीएनएल, सिरसा, इन्दाछोई और थार्वा के तहत 6 अदद नये 33 केवी सब स्टेशनों नामतः हांडी खेड़ा, दलीप नगर और किशनपुरा की रचना हेतु सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, प्रचालन (सिविल कार्य समेत)। | 19.05.2025 12.06.2025 | ईएमडी 87.37 लाख | www.dhbvn.org.in | 1662223216 cepdc@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/34970/I/88/6 दि. 21.05.25




## खबर संक्षेप



### तहसील में रिम पेपर खत्म होने पर हंगामा

**जींद।** तहसील कार्यालय में पिछले एक सप्ताह से रिम पेपर खत्म हैं। ऐसे में तहसील कर्मचारी रिम पेपर उधार पर लेकर काम चला रहे हैं लेकिन बुधवार को कर्मचारियों का भी धैर्य जवाब दे गया। जब कर्मचारियों ने काम करवाने आ रहे लोगों से कहा कि रिम पेपर खत्म हो चुके हैं। इसलिए काम नहीं हो सकते। इसके बाद तहसील कार्यालय में जमकर हंगामा हो गया। कर्मचारियों और आम लोगों के बीच तीखी बहस भी हुई। जब कई देर काम रूके रहे तो लोग खुद ही दुकानों से रिम पेपर लेकर तहसील कार्यालय पहुंच गए। हालांकि कई देर तक हंगामा होता रहा। बुधवार सुबह खेवट, इंतकाल, रजिस्ट्री, फर्द जैसे कार्य करवाने के लिए लोग तहसील कार्यालय पहुंच गए थे।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मजार और मंदिर ढहाए

**फरीदाबाद।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नगर निगम ने सड़क के बीच में बने धार्मिक स्थलों को तोड़ना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में निगम ने बुधवार को नीलम बाटा रोड स्थित मजार को ढहा दिया। वहीं सड़क के बीच में बने मंदिर को भी तोड़ दिया। इस दौरान भारी पुलिस मौजूद रहने के कारण कोई विरोध नहीं जता सका। इससे पहले निगम नीलम बाटा रोड पर बने दोनों धार्मिक स्थल को तोड़ने का प्रयास कर चुका हैए लेकिन विरोध की वजह से उसको कदम वापस खींचना पड़ता था। सड़कों के बीच में बने हुए धार्मिक स्थलों को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से उपायुक्त को भी फटकार लगाई गई थी। जिसके बाद निगम ने तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की।

### कहासुनी के बाद नाबालिगों पर हमला

**फरीदाबाद।** भूपानी थाना क्षेत्र में कहासुनी के बाद पड़ोसियों ने दो बच्चों पर हमला कर दिया। बच्चों को बचाने आए चाचा को भी लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। भूपानी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। राजपुल कलां में रहने वाले सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दो बेटे हैं। एक बेटा नौवीं और दूसरा बारहवीं कक्षा में पढ़ता है। उसके बेटों का पड़ोस में रहने वाले जयप्रकाश के बच्चों से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। पुलिस जांच में जुटी है।

# दिन में पुलिस की ड्यूटी और रात में विद्यादान कर रहे अजय ग्रेवाल

■ अजय से नि: शुल्क प्रशिक्षण लेकर इस बार 719 युवा दिल्ली पुलिस में हुए भर्ती ■ दिल्ली पुलिस आयुक्त ने किया सम्मानित

रवींद्र राठी ▶▶ बहादुरगढ़

■ 'विद्यादान महादान' के नाम से ऑनलाइन व ऑफलाइन पाठशाला चलाकर संवार रहे युवाओं का भविष्य

दिल्ली पुलिस का एक हवलदार दिन में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाने के साथ ही बीते 9 सालों से रात के समय गरीब और जरूरतमंद छात्रों को मुफ्त कोचिंग देकर उनके भविष्य को संवार रहा है। 'विद्यादान महादान' के नाम से ऑनलाइन व ऑफलाइन पाठशाला चलाने वाले बहादुरगढ़ के "अजय ग्रेवाल" से प्रशिक्षण प्राप्त करके इस बार 719 युवा दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए हैं। जिससे प्रभावित होकर दिल्ली पुलिस के आयुक्त ने मंगलवार को उसे अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया है। बता दें कि मूल रूप से गांव समचाना के जगबीर कोच दिल्ली पुलिस से रिटायर हो चुके हैं। वे अपने परिवार के साथ बहादुरगढ़ के आदर्श नगर में रहते हैं। उनका होनहार बेटा अजय ग्रेवाल कुश्ती के अखाड़े में जोर आजमाते हुए 2009 में दिल्ली पुलिस में भर्ती हो गया था। हालांकि उसका सपना संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर अफसर बनने का था। जिस कारण उसने वर्ष 2013 में यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। अजय ने 2015 से लेकर 2020 तक हर साल परीक्षा दी। इस दौरान 2016 में मेंस परीक्षा पास कर वह इंटरव्यू के राउंड तक भी पहुंचा, लेकिन उसका चयन नहीं हुआ। करीब 35 वर्षीय अजय तब से ही अपने घर की छत पर निशुल्क कोचिंग सेंटर चला रहा है। उन्होंने महसूस किया कि कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण कई बच्चे ख्वाहिश होने के बावजूद सरकारी नौकरियों की तैयारी के लिए कोचिंग नहीं ले पाते। गरीब घरों के बच्चों को बीते करीब 9 साल से सरकारी नौकरी से जुड़ी परीक्षाओं के लिए फ्री कोचिंग दे रहे अजय आदर्श नगर स्थित अपने घर की छत के अलावा बहादुरगढ़ के सिटी थाना के सामने बने सेंटर पर डेढ़ सौ के करीब बच्चों को प्रशिक्षण देते हैं।

**प्रतिभाओं को तराश रहे :** इसके अलावा ऑनलाइन 'विद्यादान महादान' यूट्यूब चैनल पर भी एक से डेढ़ हजार बच्चे लाइव जुड़कर उनसे प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। स्वयं यूपीएससी की तैयारी कर चुके अजय अपने अनुभव और नॉलेज से जरूरतमंद बच्चों की प्रतिभा को तराश रहे हैं। वे हर दिन सामान्य ज्ञान, रीजनिंग, गणित, अंग्रेजी और हिंदी जैसे विषयों को कई घंटे पढ़ाते हैं। एक तरफ जहां समाज के साहूकारों ने शिक्षा को व्यापार बना दिया गया है, वहीं दूसरी तरफ अजय किसी से एक पैसा नहीं लेते और किताबों व स्टेशनरी का खर्च भी स्वयं उठाते हैं।



**बहादुरगढ़।** अजय ग्रेवाल को सम्मानित करते दिल्ली पुलिस आयुक्त।

### अजय दिल्ली पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में तैनात उत्तर प्रदेश पुलिस में भी भर्ती हुए 12 युवा

अजय ग्रेवाल इस समय झाड़ौदा कलां स्थित दिल्ली पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में तैनात है। अजय पहले अपनी नौकरी करते हैं और फिर बच्चों को सरकारी नौकरी हासिल करने के लिए प्रशिक्षण देते हैं। उनसे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 719 बच्चे इस बार दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए। मंगलवार को 9 महीने की ट्रेनिंग के बाद उनकी पासिंग आउट परेड हुई। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने उन्हें अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया। स्पेशल पुलिस आयुक्त विजिलेंस रॉबिन हिबू ने भी उनके प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। साथ ही अजय को भारत के नॉर्थ ईस्ट राज्यों में भी युवाओं को कोचिंग देने के लिए प्रोत्साहित किया। अजय ने बताया कि उससे प्रशिक्षित 12 बच्चे इस बार यूपी पुलिस में भर्ती हुए हैं। उनसे निशुल्क प्रशिक्षण लेकर अब तक हजारों युवा सरकारी नौकरियां प्राप्त करने में सफल हुए हैं।

**पांच दिन का रिमांड खत्म होने पर हिसार पुलिस आज अदालत में पेश करेगी**

# दूसरी बार बांग्लादेश जाने की तैयारी में थी ज्योति, घर में मिला वीजा का फार्म

**जासूसी प्रकरण** फॉरेंसिक लैब से पुलिस को नहीं मिली मोबाइल जांच रिपोर्ट, मकान पर लटका ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

■ बांग्लादेश जाने से पहले पुलिस ने 16 मई को गिरफ्तार किया

■ केंद्रीय एजेंसियों पर समय-समय पर ज्योति से पूछताछ कर रही

जासूसी के शक के आरोप में गिरफ्तार की गई ज्योति मल्होत्रा केस में मामले की जांच जारी है। हिसार पुलिस उससे पूछताछ कर रही है वहीं कुछ केंद्रीय जांच एजेंसियों ने भी आरोपी ज्योति से पूछताछ की है। इसी बीच 5 दिन के पुलिस रिमांड पर चल रही ज्योति मल्होत्रा को गुरुवार को अदालत में पेश किया जाएगा। ज्योति मल्होत्रा को आगे रिमांड पर लिया जाएगा या नहीं अभी इस पर संशय बना हुआ है। सूत्र बताते हैं कि आरोपी ज्योति की बांग्लादेश में जाने की भी तैयारी थी। उसके घर में बांग्लादेश के वीजा संबंधी फॉर्म मिला है। बताया जा रहा है कि वह बांग्लादेश के वीजा के लिए अप्लाई करती, इससे पहले ही 16 मई को हिसार पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। ज्योति पहले भी बांग्लादेश चुकी है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि ज्योति मल्होत्रा को गत 16 मई को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह पांच दिन के पुलिस रिमांड पर है। रिमांड के दौरान पूछताछ के चलते पुलिस ने आरोपी ज्योति से तीन मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और कुछ अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण कब्जे में लिए हैं। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र निवासी हरकीरत को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था, हरकीरत वीजा सेवा उपलब्ध करवाता है। पुलिस ने हरकीरत से दो मोबाइल फोन कब्जे में लिए हैं लेकिन हरकीरत को फिलहाल गिरफ्तार नहीं किया गया है। ज्योति और हरकीरत से बरामद मोबाइल फोन, लैपटॉप और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा गया है, जहां जांच जारी है। उन्होंने बताया कि अभी तक विश्लेषण का परिणाम हिसार पुलिस को सौंपा नहीं गया है। एसपी ने बताया कि पूरे मामले में जांच हिसार पुलिस कर रही है और आरोपी हिसार पुलिस की ही हिरासत में है। कुछ केंद्रीय जांच संस्थाएं आरोपी से समय-समय पर पूछताछ कर रही है परंतु इनमें से किसी भी संस्था को आरोपी की हिरासत नहीं सौंपी गई। उन्होंने कहा कि आरोपी की किसी भी सैन्य, रक्षा या रणनीतिक जानकारी तक पहुंच होने बारे कोई तथ्य अभी तक सामने नहीं आया है।



### ये बोले पुलिस अधिकारी

पुलिस द्वारा जब्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा गया है जहां विश्लेषण जारी है। अभी तक विश्लेषण का परिणाम हिसार पुलिस को सौंपा नहीं गया है। आरोपी के वाट्सअप चैट के बारे में अभी कुछ भी टिप्पणी नहीं जा सकती। वहीं न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन कॉलोनी में रहने वाली आरोपी यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के मकान पर बुधवार को ताला लटका मिला। ज्योति के पड़ोसियों का कहना था कि सुबह के समय ज्योति के पिता हरीश तथा ताऊ खुशहाल चंद को देखा गया था और दोपहर से घर के दरवाजे पर ताला लटका पड़ा है। बता दें कि मंगलवार को आरोपी के पिता ने आरोप लगाया कि पुलिस ज्योति के बारे में उसे किस प्रकार की कोई सूचना नहीं दे रही है।

### वायरल हो रहे डायरी के पन्ने, पुलिस के कब्जे में नहीं : एसपी



पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपी की कथित डायरी के जो पन्ने सार्वजनिक रूप से दिखाए जा रहे है वे पुलिस के कब्जे में नहीं है। इसी तरह आरोपी के चार बैंक अकाउंट की गहनता से जांच की जा रही है। पैसों के लेन-देन के बारे में अभी कोई टिप्पणी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि आरोपी निश्चित ही यह जानते हुए कि कुछ लोग पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्ज (पीआईओ) हैं, उनसे सम्पर्क में थी लेकिन अभी तक सीधे तौर पर ऐसा कोई तथ्य सामने नहीं आया जिससे यह कहा जा सके कि आरोपी का सम्पर्क किसी आतंकवादी संगठन से था। आरोपी के किसी भी आंतकवादी घटनाओं में संलिप्तता को लेकर कोई तथ्य अभी तक सामने नहीं आया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के किसी पीआईओ के साथ शादी, धर्म परिवर्तन इत्यादि के बारे में अभी तक कोई तथ्य सामने नहीं आया है।

## फतेहाबाद सचिवालय व अंबाला उपायुक्त कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

### फतेहाबाद में ईमेल मिलने के बाद मचा हड़कंप, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड ने की जांच

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद लघु सचिवालय परिसर में बुधवार सुबह एक अज्ञात ईमेल आया। ईमेल में सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद हडक़ंप मच गया। जिला प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए तत्काल सचिवालय को सील कर दिया और लोगों की आवाजाही पर अस्थायी रोक लगा दी। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों से दहशत में न आने की अपील की है, हालांकि सुरक्षा कारणों से पूरी जांच की गई है और कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है एसपी सिद्धांत जैन ने मीडिया को बताया कि बुधवार सुबह करीब 7 बजे डीसी की अधिकारिक मेल आईडी पर एक हॉटमेल अकाउंट से धमकी भरा मेल आया था।

### अंबाला उपायुक्त की ईमेल पर आया मैसेज, बम निरोधक दस्ते को जांच में कुछ नहीं मिला

**अंबाला।** जिला अंबाला डीसी ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली जिसके बाद सावधानी के तौर पर डीसी ऑफिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यह धमकी सुबह आधिकारिक ईमेल के जरिए मिली थी। इसके बाद डीसी ऑफिस को बंद कर दिया गया है। वहीं, पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दे दी गई है। इस बारे में डीसी अंबाला अजय सिंह तोमर ने बताया कि बुधवार सुबह डिप्टी कमिश्नर अंबाला के आधिकारिक ईमेल पर एक मेल आया जिसमें अंबाला के डीसी ऑफिस को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसके बाद डीसी की ओर से इस मामले में पुलिस को शिकायत दी गई। इस दौरान पुलिस टीम के साथ बम निरोधक दस्ता भी डीसी ऑफिस पहुंचा, लेकिन जांच में कुछ नहीं मिला।

### 24 किलो चांदी और 164 ग्राम सोना चोरी करने का आरोपी सेल्समैन गिरफ्तार



**सिरसा।** पुलिस ने भादरा बाजार में स्थित ज्वेलर्स की दुकान से करीब 24 किलो 870 ग्राम चांदी व 164 ग्राम सोना चोरी करने वाले दगाबाज सेल्जमैन को काबू कर लिया है ।इस संबंध में शहर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि भादरा बाजार निवासी विष्णु सोनी पुत्र बंशी लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि भादरा बाजार में उसकी विष्णु ट्रैडिंग कंपनी के नाम से सोना चांदी के कारोबार की दुकान है। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि माधोसिंघाना निवासी अंकित पिछले तीन सालों से उनकी दुकान में चांदी के कांउटर पर सेल्जमैन के रुप में कार्य कर रहा है। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि पिछले 6-7 महीनों से दुकान में चांदी के धड़े का वजन सही नहीं मिल रहा था। उसने अपने तौर पर तलाश की तो उसकी दुकान से करीब 24 किलो 870 ग्राम चांदी व 164 ग्राम सोने चोरी होना पाया गया जिसकी कीमत करीब 39 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अंकित कुमार पुत्र सुभाष चंद्र निवासी माधोसिंघाना को शहर सिरसा क्षेत्र से काबू कर उसकी निशानदेही पर 486 ग्राम 04 मिलीग्राम चांदी बरामद कर ली है।

### साइबर ठगों ने पत्नी को अरेस्ट बताकर ठग लिए 15 हजार रुपये

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम ईस्ट थाना एरिया में जालसाज ने पुलिस अधिकारी बनकर एक युवक से उसकी पत्नी को अरेस्ट करने की बात कहकर 15 हजार रुपए की ठगी कर ली। युवक ने अपनी पत्नी से बात की तो पता चला कि वह तो घर पर है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में दरबारीपुर रोड सेक्टर-69 के रहने वाले सरिफुल मौला ने बताया कि उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। जिसमें कॉलर ने कहा कि उसकी पत्नी को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। उसे जेल भेजा जाएगा। कंफर्म करने के लिए आरोपियों ने उसे आवाज भी सुनाई गई। इससे वह अपनी पत्नी को बचाने के लिए कथित पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाने लगा। इस पर उन्होंने रुपए ट्रांसफर करने के लिए कहा। सरिफुल मौला ने बताया कि कथित पुलिस अधिकारियों के कहने पर उसने अपने खाते से 15 हजार ट्रांसफर कर दिए।

# बिना लोन लिए ही जमीन की कुर्की करने पहुंचे अधिकारी दस्तावेजों की जांच में कर्ज लेने वाला कोई दूसरा निकला

सुनील गर्ग ▶▶ कोसली

■ सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों की कारस्तानी

जाहिदपुर निवासी 68 वर्षीय सुरेंद्र दिल का मरीज है। उसने सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक से कोई लोन नहीं लिया। इसके बावजूद बैंक ने उसे बड़ा झटका दे दिया। बैंक की ओर से कोर्ट की कार्रवाई पूरी कराते हुए उसकी जमीन कुर्क करने के आदेश जारी करा दिए। उसे बड़ा झटका उस समय लगा, जब गिरदावर और पटवारी को साथ जमीन कुर्क करने आदेश लेकर खुद तहसीलदार उसके घर पहुंच गया। सुरेंद्र ने जब बैंक जाकर बताया कि उसने कोई लोन लिया ही नहीं, तो पहले उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। इसके बाद कागजात खंगाले तो लोन किसी अन्य गांव के व्यक्ति के नाम निकला। पीड़ति सुरेंद्र ने अब बैंक प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसपी से मिलकर गुहार लगाई है। हकीकत सामने आने के बाद बैंक प्रबंधन के पसीने छूटे हुए हैं। गत 20 मई को सुरेंद्र किसी काम से अपने घर से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान तहसीलदार अपने साथ गिरदावर व पटवारी लेकर उसके घर पहुंच गए। तहसीलदार ने कोर्ट के आदेश उसके भाई को दिखाते हुए कहा कि बैंक का लोन जमा नहीं कराने पर कोर्ट ने सुरेंद्र की जमीन कुर्क करने के आदेश जारी किए हैं। उसकी जमीन को नीलाम कराने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। सुरेंद्र के भाई ने उसे फोन पर बताया कि तहसीलदार जमीन कुर्क करने के आदेश लेकर घर आए हैं, तो उसके पैरों तले की जमीन खिसक गई। उसने तहसीलदार को बताया कि उसके नाम बैंक का कोई लोन ही नहीं है। उसे बैंक जाकर तस्दीक करने के लिए 2 दिन का समय दिया जाए। तहसीलदार से समय लेकर सुरेंद्र बैंक शाखा पहुंच गया। सुरेंद्र का आरोप है कि शुरू में बैंक प्रबंधक की ओर से उसकी कोई सुनवाई नहीं की गई, लेकिन मिन्नते करने के बाद दस्तावेज चेक करने पर सहमति जता दी गई।

### एसपी से कार्रवाई की गुहार



सुरेंद्र ने बुधवार को एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा से मिलकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। सुरेंद्र ने शिकायत में बताया कि आखिर किस तरह से उसकी जमीन के कागजात किसी अन्य के लोन में लगा दिए गए। अगर किसी ने उसकी जमीन की फर्द लगाई थी, तो बैंक की ओर से उसे वेरिफाई क्यों नहीं किया गया। जमीन के कुर्की आदेश जारी होने से उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा तक को ठेस पहुंची है। उसने एसपी से बैंक प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई और मामले की जांच कराने की मांग की है।

### सिविल जज ने जारी किए थे आदेश

सिविल जज कोसली की ओर से इस मामले में तहसीलदार को आदेश जारी किए गए थे। इन आदेशों के मुताबिक बैंक की 20 हजार रुपये राशि वसूलने के लिए सुरेंद्र की संपत्ति को 20 मई को बेचना था। इसके बाद कोर्ट को 28 मई को रिपोर्ट पेश करनी थी। तहसीलदार जितेंद्र का कहना है कि वह तो कोर्ट के आदेशों को अमलीजामा पहनाने के लिए कुर्की आदेश लेकर गए थे। दूसरी ओर इस मामले में लीड बैंक मैनेजर राजीव रंजन ने बताया कि बैंक की ओर से यह बड़ी चूक है। पीड़ति को इसकी शिकायत बैंक के रीजनल ऑफिस में करानी चाहिए, ताकि इस मामले में कार्रवाई की जा सके।

### झाल के सुरेंद्र के नाम निकला लोन

बैंक में जब लोन के दस्तावेजों की जांच शुरू हुई, तो प्रबंधन के पसीने भी छूटने शुरू हो गए। जांच में पाया गया कि लोन झाल निवासी सुरेंद्र ने लिया था, जबकि रिकवरी की कार्रवाई जाहिदपुर निवासी सुरेंद्र के खिलाफ शुरू की गई। आनन-फानन में बैंक की ओर से उसे नो ड्यूट सर्टिफिकेट तो दे दी गई, परंतु उसे यह नहीं बताया गया कि आखिर उसकी जमीन के दस्तावेज किसी अन्य के लोन पर कैसे जमा कर लिए गए। दस्तावेजों की तस्दीक तक क्यों नहीं की गई। बैंक की ओर से की गई बड़ी चूक सुरेंद्र के लिए आफत साबित हो गई।

# बीएसएफ निरीक्षक राम अवतार सिंह को दी राजकीय सम्मान के साथ विदाई

## आसाम के गोपालपुर सेक्टर हेडक्वार्टर में तैनात थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

बीएसएफ में निरीक्षक के पद पर कार्यरत गांव सुधराना निवासी राम अवतार सिंह का सोमवार को गोवाहटी के नारायणा अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे आसाम के गोपालपुर सेक्टर हैडक्वार्टर में तैनात थे तथा कुछ समय से बीमार चल रहे थे। मंगलवार देर शाम उनका पार्थिव शरीर गांव सुधराना में लाया गया। जहां पूरे सैनिक व राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बीएसएफ की टुकड़ी ने बीएसएफ के जवान को अंतिम सलामी दी। अंतिम संस्कार में बीएसएफ की ओर से एक एसपी, सहायक कमांडेंट व एक निरीक्षक शामिल थे। जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार जितेन्द्र कुमार ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किया। करीब 54 वर्षीय राम अवतार सिंह 1997 में स्नातक करने के उपरांत बीएसएफ में एएसआई के पद पर भर्ती हुए थे। वह अपने पीछे वयोवृद्ध पिता, मां पत्नी, एक बेटा व एक बेटी छोड़ गए है। उनकी अंतिम यात्रा में रामचन्द्र दहिया, सूबेदार दयानंद, सरपंच प्रतिनिधि श्यालूराम, दौलूराम, महावीर, बह्मप्रकाश, पार्षद विनोद उर्फ गोला, मैनेजर सुरेश कुमार, प्रकाश व जितेन्द्र कुमार सहित गांव सुधराना सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण मौजूद थे।



**रेवाड़ी।** पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित करते तहसीलदार जितेन्द्र कुमार।

# विकसित भारत के अमृत स्टेशन



देश भर में
पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का
उद्घाटन

जिसमें शामिल है
## हरियाणा का 1 अमृत स्टेशन




मंडी डबवाली

**लाभ**

- सिटी सेंटर के रूप में विकास - रूफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

प्रधानमंत्री
## नरेन्द्र मोदी
के कर कमलों द्वारा
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

**22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे**

गरिमामयी उपस्थिति

**बंडारू दत्तात्रेय**
राज्यपाल, हरियाणा

**नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

भारतीय रेल

डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें www.indianrailways.gov.in हमें फॉलो करें /RailMinIndia

## चिंतन

# सरकार के प्रयास रंग लाए दम तोड़ रहा नक्सलवाद

पिछले छह दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब खत्म होने के कगार पर है। इन छह दशकों के दौरान नक्सलवाद ने न केवल देश को आर्थिक नुकसान पहुंचाया बल्कि समानांतर सरकारें भी चलाईं। नक्सलवाद प्रभावित जिलों में उनकी हुकूमत चलती थी। वहां केंद्र व राज्य सरकार का कोई असर नहीं दिखता था। नक्सलियों का फरमान ही अंतिम आदेश होता था जिसे लोग मानने को मजबूर थे। एक समय था जब देश के 38 जिले पूरी तरह से नक्सलवाद के शिकंजे में थे। अब जिलों की संख्या घटकर 6 हो गई है। वर्ष 2004 से 2014 तक देश में नक्सलवाद से जुड़ी 16,463 हिंसक घटनाएं हुई थीं। लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसमें 53 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2004 से 2014 तक विभिन्न नक्सली हमलों और नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान 1851 सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। लेकिन पिछले 10 सालों में सुरक्षाबलों के हताहत होने की संख्या 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई है। वहीं 2004 से 14 के बीच नक्सली हमलों में 4,766 नागरिकों की मौत हुई थी। 2014 से 2024 के बीच यह आंकड़ा 70 प्रतिशत घटकर 1495 रह गया है। अब तो परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। कई बड़े-बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। वर्ष 2025 में अब तक 148 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। बुधवार को ही छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी 27 शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल है। वहीं फायरिंग में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड का एक जवान शहीद हो गया है। महज एक सप्ताह पहले ही ऑपरेशन करेगुट्टा के तहत छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर स्थित पहाड़ों पर सुरक्षाबलों ने 24 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें 16 महिला और 15 पुरुष नक्सली शामिल थे। संदेश साफ है कि अब सरकार किसी भी सूरत में नक्सलवाद को सहन करने को तैयार नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं। केंद्र सरकार की नीतियों के कारण एक तरफ जहां नक्सलियों पर दबाव बढ़ा है वहीं उनके प्रभाव वाले क्षेत्रों में विकास की योजनाएं प्रारंभ होने से उन्हें मिलने वाला जन समर्थन समाप्त हो गया है। इससे आने वाले समय में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति व्याप्त होगी, जो सरकार व आमजन की एक बड़ी जीत होगी। बस जरूरत इस बात की है कि नक्सलियों पर कसा गया शिकंजा कमजोर न होने पाए और विकास का पहिया तेज रफ्तार से चलता रहे।



अटल पेंशन योजना
सतीश सिंह

# सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा का दायरा बढ़ा

**अटल पेंशन योजना के 10 साल पूरे हो गए हैं। इस योजना का आगाज 9 मई 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। यह योजना असंगठित क्षेत्र के लोगों को वृद्धावस्था में आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की पहल है। इसके तहत 60 साल की उम्र पूरा होने पर हर महीने 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की पेंशन दी जाती है। बीते 10 सालों में इस योजना के नाम कई उपलब्धियां रही हैं। समग्र रूप से कह सकते हैं कि अटल पेंशन योजना ने असंगठित क्षेत्र के करोड़ों लोगों को बुढ़ापे में आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही, महिलाओं के सशक्तिकरण में भी यह योजना महती भूमिका निभा रही है।**

आठ मई 2025 को अटल पेंशन योजना के 10 साल पूरे हो गए। इस योजना का आगाज 9 मई 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। यह योजना असंगठित क्षेत्र के लोगों को वृद्धावस्था में आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की पहल है। इसके तहत 60 साल की उम्र पूरा होने पर हर महीने 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की पेंशन दी जाती है। बीते 10 सालों में इस योजना के नाम कई उपलब्धियां रही हैं। अटल पेंशन योजना के लिए 18 से 40 साल उम्र के सभी भारतीय, जो आयकर के दायरे में नहीं आते, पात्र हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति का बचत खाता, आधार कार्ड और एक्टिव मोबाइल नंबर होना चाहिए। इच्छुक व्यक्ति 1,000 रुपये या 2,000 रुपये या 3,000 रुपये या 4,000 रुपये या 5,000 रुपये के पेंशन का विकल्प चुन सकता है। इस योजना के तहत योगदान की गई राशि आयकर की धारा 80 सीसीडी के तहत कर छूट के योग्य है।

अटल पेंशन योजना के तहत 60 साल उम्र पूरी होने पर हर महीने 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की पेंशन राशि चुने गए विकल्प के अनुसार दी जाती है। 18 साल से 40 साल तक का व्यक्ति इस योजना हेतु अपना नामांकन करवा सकता है। पेंशन का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को कम से कम 20 साल तक निवेश करना होगा या 60 वर्ष की उम्र पूरी होने तक निवेश करना होगा। अगर इस योजना का विकल्प चुनने वाले की उम्र 40 वर्ष है तो वह 60 वर्ष की उम्र यानी 20 साल तक निर्धारित राशि की किस्त जमा करेगा। वहीं,अगर उसकी आयु 18 वर्ष है तो वह 42 साल तक पेंशन पाने के लिए निर्धारित राशि की किस्त जमा करेगा। इस योजना के अंतर्गत आपके निवेश की राशि इस बात पर निर्भर करती है कि आप 60 साल की उम्र पूरी होने के बाद कितनी राशि पेंशन के रूप में प्राप्त करना चाहते हैं। 1 हजार रुपये से 5 हजार तक प्रतिमाह पेंशन पाने के लिए 18 साल के इच्छुक व्यक्ति को 42 साल तक 210 रुपये प्रतिमाह पेंशन फंड में जमा करना होगा। वहीं, यदि कोई व्यक्ति 40 साल की उम्र में इस योजना का विकल्प चुनता है तो उसे 291 रुपये से लेकर 1,454 रुपये तक प्रतिमाह पेंशन फंड में राशि निवेश करनी होगी। पेंशन फंड में जमा मासिक किस्त के अनुरूप इच्छुक व्यक्ति को 60 साल की उम्र पूरी होने पर 1,000 रुपये से 5,000 रुपये तक की पेंशन प्रति माह मिलेगी। अगर 18 साल का कोई व्यक्ति हर महीने 42 रुपये जमा करेगा तो उसे 60 साल के बाद हर महीने 1,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 84 रुपये जमा करेगा तो 2,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 126 रुपये जमा करेगा तो 3,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 168 रुपये जमा करेगा तो 4,000 रुपये पेंशन मिलेगी और अगर 210 रुपये जमा करेगा तो 5,000 रुपये पेंशन मिलेगी। अगर 40 साल का कोई व्यक्ति हर महीने 291 रुपये जमा करेगा तो उसे 60 साल के बाद हर महीने 1,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 582 रुपये जमा करेगा तो उसे 2,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 873 रुपये जमा करेगा तो 3,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 1,164 रुपये जमा करेगा तो 4,000 रुपये पेंशन मिलेगी, और अगर 1,454 रुपये जमा करेगा तो 5,000 रुपये पेंशन मिलेगी। बता दें कि 19 वर्ष से 39 वर्ष उम्र वाले लोगों के लिए पेंशन राशि के अनुरूप जमा की जाने वाली राशि अलग-



अलग होगी और इसकी जानकारी ऑनलाइन या बैंक जाकर प्राप्त की जा सकती है। अटल पेंशन योजना के तहत मासिक के अलावा निवेशक त्रैमासिक या छमाही आधार पर भी निवेश कर सकते हैं। बैंक में खाते से ऑटो-डेबिट की रजामंदी देने के बाद चयनित राशि खाते से स्वतः डेबिट होकर पेंशन खाते में जमा हो जाएगी। अगर पेंशन का विकल्प चुनने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसके जीवनसाथी को पेंशन का भुगतान किया जाएगा और अगर पेंशनर और जीवनसाथी दोनों की मृत्यु हो जाती है तो 60 साल की आयु तक जमा की गई पेंशन राशि नॉमिनी को वापस कर दी जाएगी। वहीं, अगर 60 साल से पहले पेंशन ग्राहक की मृत्यु होती है तो उसका जीवनसाथी अटल पेंशन योजना खाते में योगदान जारी रख सकता है। ग्राहक का पति या पत्नी वही पेंशन राशि प्राप्त करने का हकदार होगा जो ग्राहक को निर्धारित समय के बाद मिलनी थी। हालांकि, वह अटल पेंशन योजना खाते में जमा की गई पूरी राशि की निकासी भी कर सकता है।

अटल पेंशन योजना का खाता खोलना अब बेहद ही आसान हो गया है। अगर आप भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक हैं और आपने इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा ले रखी है तो आपको अटल पेंशन योजना खाते को खुलवाने के लिए बैंक के किसी शाखा में जाने की जरूरत नहीं है। अटल पेंशन योजना के लिए बचत खाता होना जरूरी है, मासिक किस्त जमा करने की तारीख पहली किस्त जमा करने की तारीख के आधार पर निर्धारित होती है। अटल पेंशन योजना में नॉमिनी रखना भी जरूरी है, कोई भी व्यक्ति अटल पेंशन योजना का सिर्फ एक खाता खोल सकता है, अगर मासिक किस्त के लिए खाते में पैसे नहीं हैं तो निवेशक को जुर्माना देना होता है। मई 2015 से अप्रैल 2025 तक, 7.65 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने इस योजना के लिए अपना नामांकन करवाया है। सरकार द्वारा समर्थित इस पेंशन योजना का उद्देश्य भारत के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बुढ़ापे में आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराना है। सिर्फ वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इस योजना से 1.17 करोड़ नये ग्राहक जुड़े, जबकि उसके पिछले 2 सालों में इस योजना से 1 करोड़ से अधिक लोग जुड़े थे। ये आंकड़े बताते हैं कि लोगों का भरोसा इस योजना पर बढ़ा है और देश में सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का दायरा भी बढ़ा है। इस योजना के तहत 44,780 करोड़ रुपयेकी राशि जमा की गई है और उसपर 9.11% का आकर्षक वार्षिक प्रतिफल मिला है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इस योजना से जुड़े लोगों में महिलाओं की भागीदारी लगभग 55% रही,जो महिलाओं में बढ़ती जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और इस योजना की प्रभावशीलता को दर्शाता है। उत्तरप्रदेश ने मामले में उम्दा कार्य किया है। यहाँ से इस योजना से 1.25 करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं। इतना ही नहीं, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उत्तरप्रदेश में निर्धारित लक्ष्य से अधिक 104.22% लोग इस योजना से जुड़े। हालांकि, कुछ राज्यों जैसे, पंजाब में 20.4% लोगों ने इस योजना में योगदान करना बंद कर दिया है, जिसका कारण उनकी कमजोर आर्थिक स्थिति रही थी। समग्र रूप से कह सकते हैं कि अटल पेंशन योजना ने असंगठित क्षेत्र के करोड़ों लोगों को बुढ़ापे में आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही, महिलाओं के सशक्तिकरण में भी यह योजना महती भूमिका निभा रही है। इसके समक्ष परिचालन से जुड़ी हुई कुछ चुनौतियां जरूर बरकरार हैं,लेकिन बुढ़ापे में मिलने वाली आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा,सरकारी समर्थन और अन्य लाभों की वजह से ग्रामीण, कस्बाई और शहरी इलाकों के असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के बीच इस योजना की लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है।

(लेखक एसबीआई गांधीनगर में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कृषि
रवि शंकर




# बेहतर मानसून से किसानों को मिल सकेगी राहत

मौसम विभाग ने 2025 के लिए एक अत्यंत उत्साहवर्धक और राहत प्रदान करने वाली भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग के मुताबिक बीते छह सालों की तुलना में इस साल का मानसून भारत में समय से पहले दस्तक दे सकता है। दरअसल, आईएमडी ने 27 मई को केरल में मानसून के प्रवेश करने की संभावना जताई है। इसका अर्थ है कि इस बार औसत से लगभग 105 फीसदी वर्षा होने का अनुमान है। यह शुभ समाचार कृषि प्रधान क्षेत्रों के लिए एक नई आशा की किरण लेकर आया है, जहां खेती मुख्य रूप से वर्षा पर ही निर्भर करती है। अगर मौसम विभाग की भविष्यवाणी यदि सही होती है तो ये देश की अर्थव्यवस्था से लेकर खेती-किसानी के लिए रामबाण हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर बारिश से किसानों को बुवाई का सही समय मिलेगा, जिससे फसल उत्पादन में सुधार हो सकता है। इससे ग्रामीण मांग में भी सुधार आएगा जो अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में मदद करेगी। साथ ही, जलाशयों, नहरों और भूजल स्रोतों को रिचार्ज करने में यह बारिश अहम भूमिका निभाएगी। मालूम हो, भारत में हर साल करोड़ों किसान मानसून की पहली फुहार का बेसब्री से इंतजार करते हैं। अच्छी बारिश का असर खरीफ फसलों के उत्पादन पर पड़ता है, जिससे कुछ खास खाद्य पदार्थों के दाम घट सकते हैं। चावल, बाजरा, रागी, अरहर, मूंगफली, कपास, मक्का, सोयाबीन आदि खरीफ फसलें हैं और इनका उत्पादन अधिकतर अच्छे मानसून पर निर्भर करता है। इनकी बुवाई जून-जुलाई से शुरू होती है। ऐसे में मानसून के दौरान अच्छी बारिश खरीफ फसलों के उत्पादन को बढ़ा सकती है, जिससे महंगाई पर कुछ हद तक नियंत्रण किया जा सकता। महंगाई घटेगी तो पूरी इकोनॉमी को इसका फायदा मिलेगा। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मानसून भारतीय खेती की लाइफलाइन है। एक अनुमान के मुताबिक मानसून पर 2 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था निर्भर करती है और कम से कम 50 प्रतिशत कृषि को पानी वर्षा के जरिए ही हासिल होता है। लगभग 800 मिलियन लोग गांवों में निवास करते हैं और वे कृषि पर ही निर्भर हैं, जो कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 14 है। वहीं, मानसून में होने वाली बारिश देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा पीने के पानी के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिए भी जरूरी है। मालूम हो, कि खेत से लेकर खाने की टेबल तक एक बड़ी चेन जुड़ी होती है। ऐसे में कमजोर मानसून पूरी वैल्यू चेन को बिगाड़ सकता है। इससे पूरी आर्थिक एक्टिविटी गड़बड़ा जाती है। मानसूनी बारिश से खरीफ फसलों को लाभ होता है। साथ ही रबी सीजन यानी सर्दियों में बोई जाने वाली फसलों के लिए भी मिट्टी को नमी मिल जाती है। जब वर्ष 2025 में एक अच्छा मानसून संभावित है, तब सरकार को, किसानों को मुस्कुराहट देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लाभप्रद बनाने के लिए रणनीतिक कदम आगे बढ़ाना चाहिए। यह सत्य है कि पिछले दो दशकों में भारत मौसम विज्ञान विभाग की मानसून संबंधी भविष्यवाणियां पहले की तुलना में अधिक विश्वसनीय हुई हैं। मार्च 2025 में एडवांस एरोसोल लिडर सिस्टम की तैनाती से वर्षा के पूर्वानुमान की सटीकता में और सुधार हुआ है। फिर भी कुछ जिलों में स्थानीय स्तर पर सटीक मौसम पूर्वानुमान और वास्तविक समय पर मौसम की निगरानी प्रणाली की कमी अभी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। किसानों को बुवाई, सिंचाई और फसल कटाई जैसे महत्वपूर्ण कृषि कार्यों की योजना बनाने के लिए सटीक और समय पर मौसम संबंधी जानकारी की आवश्यकता होती है। इस जटिल समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर केंद्रित रणनीतियों में निहित है। इसमें नदी और अन्य तालाबों से गाद को प्रभावी ढंग से हटाना शामिल है, ताकि बारिश के पानी का बहाव अवरुद्ध न हो और वह स्टोर हो सके। सिंचाई के लिए उपयोग की जा रही पुरानी नहरों का आधुनिकीकरण और मौजूदा जलाशयों का विस्तार करना भी आवश्यक है, ताकि हर खेत तक पर्याप्त पानी पहुंच सके। इसके अतिरिक्त, बाढ़ की पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने और जल-संरक्षण संबंधी बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है। निःसंदेह आर्थिक विकास दर को बढ़ाने में अच्छे मानसून की अहम भूमिका है। साफ है, अगर इस साल मानसून समय से पहले आता है, तो यह देश की खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए भी बड़ा सकारात्मक संकेत होगा। कृषि क्षेत्र के अलावा परिवहन, ऊर्जा, ग्रामीण विकास, और यहां तक कि शेयर बाजार में आईपीओ जैसे आर्थिक कारकों पर भी इसका असर देखा जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
**दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं।

# सुख शांति चाहते हैं तो काम हमेशा ईमानदारी से करें



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन गुरु नानक के पास एक गांव का जमींदार आया। जमींदार गुरु नानक के लिए भोजन लेकर आया था। गुरु नानक ने जमींदार से कहा कि भोजन यहां रख दीजिए। जमींदार बोला कि मैं आपको खाना परोसना चाहता हूं। कृपया आप खाना खा लीजिए। नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। तभी वहां एक गरीब व्यक्ति आया। उसने गुरु नानक से कहा कि मैं आपके लिए रोटी लेकर आया हूं। जमींदार ने उसकी ओर देखकर कहा कि खाना तो आ चुका है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ। नानक जी ने कहा कि नहीं, खाने का अपमान नहीं करना चाहिए। जमींदार ने कहा कि मैं भी आपके लिए खाने की बहुत सी चीजें लेकर आया हूं। मेरी थाली में रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, मिठाई भी है। नानक जी बोले कि हम उसे भी चख लेंगे। गुरु नानक ने उस गरीब की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली। ये देखकर जमींदार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने ये क्या किया? मेरा स्वादिष्ट भोजन छोड़कर इसकी साधारण रोटी खा ली। नानक जी ने गरीब की आधी रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरीं। इसके बाद नानक जी ने जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरीं। वहां मौजूद लोग ये सब बहुत ध्यान से देख रहे थे। नानक जी ने उस जमींदार से कहा कि इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में कहीं न कहीं बेईमानी है। इसलिए मैंने इस गरीब की रोटी खाई है और तुम्हारी मिठाई नहीं खाई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत के आंतरिक मामले और बाह्य शक्तियां

सबसे पहले शैतान सेना के बड़े गुलाम पाकिस्तान जैसे नापाक और दुष्ट देश को यह कहना-बताना अनिवार्य हो जाता है कि, 'कागज का है लिबास, चिरागों का शहर है, चलना संभल-संभल के, क्योंकि तुम नशे में हो!' जहां तक भारत के अपने आंतरिक मामलों का संबंध है, तो ठीक ही तो है, प्रतिपक्ष में होने के नाते हम भारत सरकार से बहस करेंगे और पूरा हिसाब-किताब भी मांगेंगे, लेकिन जब हमारे देश की सुरक्षा और समृद्धि की बात आएगी, तो हम सभी एक सौ चालीस करोड़ हिंदुस्तानी नागरिक एकता के अटूट बंधन से बंधे रहे हैं और हमेशा ऐसे ही रहेंगे। बाहरी देशों को प्रतिनिधिमंडल भेजना कूटनीतिक विषय है। बाहरी शक्तियां इस भ्रम में न रहें कि हम हिंदुस्तानी विभाजित हो जाएंगे। *-कमल ठाकुर, चंद्रपुर*

## करंट अफेयर

# एआई के साथ गूगल के सर्च इंजन का होगा कायाकल्प




गूगल ने अपने सर्च इंजन के कायाकल्प को गति देने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकी का एक और चरण शुरू किया है, जो लोगों के सूचना प्राप्त करने के तरीके को बदल रहा है और वेबसाइटों पर इंटरनेट ट्रैफिक के प्रवाह को कम कर रहा है। गूगल के वार्षिक डेवलपर्स सम्मेलन में इस अगले चरण का उल्लेख किया गया जिसमें अमेरिका में एक नया 'एआई मोड' विकल्प जारी करना शामिल है। यह सुविधा गूगल के सर्च इंजन के साथ बातचीत को किसी विशेषज्ञ के साथ बातचीत करने जैसा बनाती है जो लगभग किसी भी विषय पर सवालों के जवाब देने में सक्षम है। कंपनी द्वारा 'लैब्स डिवीजन' के सीमित दर्शकों के साथ परीक्षण शुरू करने के महज ढाई महीने बाद ही अमेरिका में सभी के लिए एआई मोड की पेशकश की जा रही है। गूगल अपने नवीनतम एआई मॉडल 'जेमिनी 2.5' को भी अपने खोज एल्गोरिदम में शामिल कर रहा है और जल्द ही अन्य एआई सुविधाओं का परीक्षण शुरू करेगा, जैसे कि स्वचालित रूप से संगीत समारोहों के लिए टिकट खरीदना और लाइव वीडियो के माध्यम से खोज करने की क्षमता आदि। यह विस्तार एक वर्ष पहले शुरू हुए परिवर्तन पर आधारित है, जिसमें 'एआई ओवरव्यूज' नामक संवादात्मक सारांशों की शुरुआत की गई थी।

## ऑफ बीट

# क्या बिल्लियां दूध पी सकती हैं ? पुरानी मान्यता है, हां



बिल्लियों का इंसानों के साथ संबंध का एक लंबा इतिहास है। वे 9,000 साल से भी ज्यादा समय से इंसानों के साथ रह रही हैं। हमारे पूर्वजों को परेशान करने वाले चूहे जब मानव बस्तियों की ओर आए तो उन्होंने बिल्लियों को चूहे पकड़ने में उपयोगी पाया और धीरे-धीरे उन्हें पालतू बना लिया। किसानों ने उन्हें कीट नियंत्रक के रूप में काम पर रखना शुरू कर दिया। इसी संबंध के जरिए बिल्लियों और दूध का पहली बार परिचय हुआ। पालतू जानवरों के भोजन के व्यावसायीकरण से पहले, बिल्लियों को ज्यादातर परिवार में बचे हुए खाने पर पाला जाता था। उनकी पोषण संबंधी जरूरतों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। स्कॉटिश चिकित्सक गॉर्डन स्टेबल्स ने पहली बार बिल्लियों पर 1877 में लिखी अपनी पुस्तक में रेखांकित किया कि बिल्लियों को दो कटोरे की जरूरत होती है एक पानी के लिए और दूसरा दूध के लिए। उन्होंने बिल्लियों के लिए बेहतरीन नाश्ते के रूप में दलिया और दूध का सुझाव दिया था। इसके आधार पर कला, पुस्तकों, फिल्मों और कार्टूनों में दूध-प्रेमी बिल्लियों का चित्रण किया गया। इससे बिल्लियों और दूध की छवि जन भावना में और अधिक गहराई तक बैठ गई। यहां तक कि एक आदर्श रूपक में भी दर्शाया गया।


## ट्रेंड

### सैन्य बलों पर गर्व




छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है। हमारी सरकार माओवाद के खतरे को खत्म करने और अपने लोगों के लिए शांतिपूर्ण और प्रगतिशील जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शेरों की आबादी बढ़ी



गुजरात में शेरों की आबादी बढ़कर 891 हो चुकी है। भारत की शान सामान एशियाई शेरों का एकमात्र प्राकृतिक आवास गुजरात है। यह केंद्र और राज्य सरकार के सन्निष्ठ प्रयासों और स्थानिकों के सराहनीय सहयोग का सुखद परिणाम है।
-भूपेन्द्र पटेल, सीएम, गुजरात

### पिक्चर अभी बाकी है!



ऐसी सॉफ्ट बॉल चलाई है दिल्ली से, कि अगर चले तो सीधा पाकिस्तान जाकर रुके। पूरे विश्व को यह भी बता दीजिए।अभी जो आतंकवादियों के साथ हुआ, वह तो सिर्फ एक सॉफ्ट बॉल थी, पिक्चर अभी बाकी है!
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### राज्यपालों का दुरुपयोग



भारत की ताकत इसकी विविधता में निहित है - राज्यों का एक संघ, जिनमें से प्रत्येक की अपनी आवाज है। मोदी सरकार उन आवाजों को दबाने और निर्वाचित राज्य सरकारों को बाधित करने के लिए राज्यपालों का दुरुपयोग कर रही है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### गुजरात में 5 वर्ष में शेरों की संख्या 217 बढ़ी

**अहमदाबाद।** गुजरात में एशियाई शेरों की संख्या में बीते पांच वर्षों में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मई 2024 में गणना के अनुसार अब राज्य में शेरों की संख्या 891 हो गई है, जो कि 2020 में 674 थी। यानी शेरों की संख्या में 217 का इजाफा हुआ है। सीएम भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया शेर 11 जिलों में फैले हैं।



### गाजीपुर में करंट लगने से 4 मरे और 3 गंभीर

**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले के मरदह क्षेत्र में बुधवार को करंट लगने से चार लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सपा के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना के लिए जिम्मेदार बिजली कर्मियों को बर्खास्त करने और मृतकों के परिजनों तथा घायलों को मुआवजा देने की मांग की है।



### विजयपुरा जिले में सड़क दुर्घटना में 6 की मौत

**विजयपुरा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में बुधवार की सुबह दो 'स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल' और एक निजी बस के बीच हुई सड़क दुर्घटना में 6लोगों की मौत हो गई। सोलापुर की ओर जा रही एक महिंद्रा एसयूवी-300 अनियंत्रित होकर सड़क का डिवाइडर पार कर गई और मुंबई से बल्लारी आ रही एक निजी बस से टकरा गई।



### अलीगढ़ में निजी बस खाक, कोई हताहत नहीं

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के सासनी गेट क्षेत्र में बुधवार सुबह एक निजी बस आग की चपेट में आने से जलकर खाक हो गई। बस के कुछ यात्रियों की सूझबूझ की वजह से इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। यह घटना बुधवार सुबह सासनी गेट थाना क्षेत्र में बाइपास मार्ग के पास हुई।



### पीएम ई-ड्राइव के तहत राष्ट्रीय ईवी चार्जिंग ग्रिड के काम में तेजी

**नई दिल्ली (ब्यूरो.)।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा भारी उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्यान्वयन की समीक्षा करने और इसमें तेजी लाने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समन्वय बैठक की अध्यक्षता की। योजना का उद्देश्य स्वच्छ परिवहन को सक्षम बनाने और जीवाश्म ईंधन पर भारत की निर्भरता को कम करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी ईवी-अनुकूल इको-सिस्टम का निर्माण करना है। 2,000 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ, पीएम ई-ड्राइव योजना देश भर में लगभग 72,000 ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना का समर्थन करेगी।

## मुर्शिदाबाद हिंसा रिपोर्ट को लेकर टीएमसी पर बरसी भाजपा, बोले सुधांशु

# हिंदू विरोधी सरकार की क्रूरता वीभत्स रूप में दिखाई, पानी रोका, चुनिंदा घरों में आग लगाई



**विपक्ष** का धर्मनिरपेक्षता का मुखौटा उतरा

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने प्रदेश की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुए दंगों को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने प्रदेश की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। इसके बाद भाजपा ने टीएमसी पर आरोपों की झड़ी लगा दी है। पार्टी ने उस पर चौतरफा हमला बोल दिया है। टीएमसी की कलई तो कोलकाता हाईकोर्ट ने खोल ही दी है। इस बीच भाजपा ने विपक्ष के धर्मनिरपेक्ष होने का चोला भी सामने ला दिया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि टीएमसी सरकार की हिंदू विरोधी क्रूरता अपने पूरे वीभत्स रूप में सामने आ गई है। दरअसल वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में बीते अप्रैल में हिंसा हुई थी। जिसमें 3 लोगों की जान चली गई थी।रिपोर्ट के आने के बाद त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि हाईकोर्ट के आदेश पर एसआईटी का गठन किया गया था। इसमें तीन सदस्य थे। उन्होंने 11 अप्रैल 2025 को हुई घटनाओं पर रिपोर्ट दिया है, जिससे टीएमसी, इंडिया गठबंधन और तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के स्वयं नायकों का मुखौटा पूरी तरह उतर गया है।

### हाईकोर्ट की रिपोर्ट में पूरी सच्चाई उजागर

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इस समय देश में जिस तरह से एक खास तरह की राजनीति चल रही है, उससे ऐसा लगता है कि कुछ लोग देश की आंतरिक सुरक्षा और ढांचे को नष्ट करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार नजर आती हैं। ऐसी स्थिति कई बार पश्चिम बंगाल में देखा जा चुका है। आज कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी की रिपोर्ट आने के बाद पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार की हिंदू विरोधी क्रूरता अपने पूरे वीभत्स रूप में उजागर हो गई है।

### उच्च न्यायालय की समिति में ये थे शामिल

हाईकोर्ट ने एक तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी जिसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के रजिस्ट्रार (कानून) जोगिंदर सिंह, पश्चिम बंगाल विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव सत्य अर्णब घोषाल और पश्चिम बंगाल न्यायिक सेवा के रजिस्ट्रार सौगत चक्रवर्ती शामिल थे। जांच टीम ने 17 मई को कलकत्ता हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश कर दी। रिपोर्ट में बताया गया कि हिंसा के दौरान इलाके में रह रहे हिंदुओं को निशाना बनाया गया। इतना ही नहीं इस हिंसा में टीएमसी का एक नेता भी शामिल था।

**स्थानीय पार्षद की तरफ से निर्देशित किए गए थे हमले, पुलिस थी मूकदर्शक :** रिपोर्ट में कहा गया कि हमले स्थानीय पार्षद से निर्देशित किए गए थे और पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि लोग अपनी सुरक्षा के लिए स्थायी बीएसएफ कैंप और केंद्रीय सशस्त्र बल चाहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोई जवाब नहीं दिया।

### हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार सबने देखा

त्रिवेदी ने कहा कि मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के संबंध में हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त समिति की एसआईटी रिपोर्ट के बाद टीएमसी सरकार के तहत किए गए हिंदू विरोधी अत्याचार स्पष्ट रूप से सामने आ गए हैं। तीन सदस्यों में से एक मानवाधिकार अधिकारी और दो बंगाल की न्यायिक सेवा से थे। उन्होंने रिपोर्ट दिया है, जिससे टीएमसी, इंडिया गठबंधन और तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के स्वयं नायकों का मुखौटा पूरी तरह उतर गया है। पाकिस्तान के साथ युद्ध क्यों? सवाल करने वालों ने मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा है। पिता और पुत्र हरगोविंद दास और चंदन दास की क्रूर हत्या के बारे में एक भी शब्द नहीं कहा गया है।

### कपड़ों में तेल डालकर लगाई थी आग

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बदमाशों ने पानी का कनेक्शन काट दिया ताकि आग को पानी से न बुझाया जा सके। इसमें कहा गया है कि बदमाशों ने घर के सभी कपड़ों को मिट्टी के तेल से जला दिया और घर की महिला के पास तन ढंकने के लिए कपड़े नहीं थे।

### संबित पात्रा ने भी राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया



### हिंदुओं से नफरत करती है बंगाल सरकार

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने ममता पर यह तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ममता बेनर्जी 'हिंदुओं से नफरत' करती हैं। पात्रा ने ममता पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि अगर 'मुस्लिम भाइयों' के साथ ऐसा होता तो ममता बनर्जी जरूर आंदोलन करतीं और धरना देतीं।

## ऑपरेशन सिंदूर : बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल जापान रवाना

पाक का चेहरा होगा बेनकाब

# भारत-पाक के बीच संघर्ष के बाद नई दिल्ली के रुख से करवाएगा अवगत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जनता दल (यूनाइटेड) सांसद संजय झा के नेतृत्व में एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद वैश्विक मंच पर भारत का पक्ष रखने के लिए बुधवार को जापान रवाना हुआ। 'ऑपरेशन सिंदूर' और उसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के बाद नयी दिल्ली के रुख से अवगत कराने के लिए प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कोरिया, मलेशिया, इंडोनेशिया और सिंगापुर का भी दौरा करेगा। पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाया था। पहलगाम में हुए हमले में कम से कम 26 नागरिक मारे गए थे। झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, बृजलाल, प्रधान बरुआ और हेमांग जोशी, कांग्रेस नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जॉन ब्रिटास और पूर्व राजदूत मोहन कुमार शामिल हैं। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधिमंडल भी आज ही संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो और सिएरा लियोन के लिए रवाना होगा।

### आतंकवादियों ने खुद दिया 'ऑपरेशन सिंदूर' का सबूत : धनखड़

**पणजी (भाषा)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि आतंकवादियों ने स्वयं ही दुनिया को 'ऑपरेशन सिंदूर' के सबूत उपलब्ध करा दिए हैं और इस अभियान के तहत जिन लोगों को निशाना बनाया गया था, उनके ताबूतों को पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों और नेताओं द्वारा ले जाया गया था।



### बीएसएफ ने पांच पाकिस्तानी चौकियां, आतंकवादियों का एक लॉन्च पैड नष्ट किए

**आरएस पुरा/जम्मू (भाषा)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक अभियान में जम्मू सीमा पर पांच पाकिस्तानी चौकियां और आतंकवादियों का एक 'लॉन्चपैड' नष्ट कर दिए। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ कमांडेंट चंद्रेश सोना ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हमने उनकी गोलीबारी (पाकिस्तान द्वारा) का मुंहतोड़ जवाब दिया। हमने उनकी कई संपत्तियों को नष्ट कर दिया। मस्तपुर में उनका एक लॉन्चपैड था, जिसे हमने नष्ट कर दिया। हमारी कार्रवाई के कारण उनकी पांच चौकियां पूरी तरह तबाह हो गईं और हमने उनके कई बंकर भी नष्ट कर दिए।'' उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद से ही पाकिस्तान लगातार नागरिक इलाकों और भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहा है। उन्होंने कहा, ''10 मई को पाकिस्तान ने हमारी चौकियों, तैनाती स्थल और गांवों को निशाना बनाया। उन्होंने 61 एमएम और 82 एमएम मोर्टार का इस्तेमाल करते हुए भारी गोलेबारी की।

### नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल हुआ प्राचीन सिला हुआ जहाज 'आईएनएसवी कौंडिन्य'

**नई दिल्ली (ब्यूरो.)।** भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में बुधवार को पारंपरिक रूप से निर्मित प्राचीन सिला हुआ पाल वाला जहाज 'आईएनएसवी कौंडिन्य' शामिल हो गया है। इस संबंध में नौसेना के कारवार बेस (कर्नाटक) पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिसमें केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कौंडिन्य एक महान भारतीय नाविक थे। जिन्होंने हिंद महासागर को पार करके दक्षिण पूर्व एशिया की यात्रा की थी। उन्हीं के नाम पर जहाज का यह नामकरण किया गया है। नौसेना ने एक बयान में बताया कि यह जहाज समुद्री अन्वेषण, व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भारत की दीर्घकालिक परंपराओं का एक मूर्त प्रतीक है। जिसके जरिए भारत अपनी समृद्ध जहाज निर्माण की विरासत को गर्व के साथ पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत करना चाहता है। कौंडिन्य जहाज की तैनाती नौसेना के कारवार बेस पर होगी। अब ये जहाज अपने अगले ऐतिहासिक चरण में प्रवेश करेगा। जिसमें इसकी गुजरात से ओमान तक की पहली समुद्री यात्रा की शुरुआत होगी।

### झूठी जानकारी फैलाने के आरोप में भाजपा आईटी सेल प्रमुख और अर्नब गोस्वामी पर एफआईआर

**नई दिल्ली।** भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय और रिपब्लिक टीवी के जर्नलिस्ट अर्नब गोस्वामी के खिलाफ कांग्रेस ने एफआईआर की है। दोनों पर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप है। अमित मालवीय ने 17 मई को 'एक्स' पर अर्नब गोस्वामी एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो बता रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी का तुर्किये में रजिस्टर्ड ऑफिस है। मालवीय ने लिखा- राहुल गांधी को बताना चाहिए कि ऐसा करने की जरूरत क्यों पड़ी। यह हैरान और समझ से बाहर का मामला है। देश को इसका सच जानने का हक है। इसी वीडियो को लेकर शिकायत में कहा गया है कि ऐसा सोची-समझी रणनीति के तहत देश की जनता को गुमराह और कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने के लिए किया गया है। यह लोगों की भावनाओं को भड़काने, देश की सुरक्षा और लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश है। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव के बीच तर्किये ने पाकिस्तान को खुलकर समर्थन दिया था। साथ ही भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। इसके बाद देशभर में तुर्किये को बॉयकॉट किया गया।

### खरीदारी में तेजी से सोने में 1910 रुपये और चांदी में 1660 रुपये की तेजी

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने से सुरक्षित निवेश के तौर पर खरीदारी का दौर शुरू होने से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,910 रुपये बढ़कर 98,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 96,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 1,870 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया, जो पिछले दिन 96,130 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''कमजोर डॉलर ने सोने की कीमतों को सहारा दिया। मूडीज द्वारा राजकोषीय घाटे की चिंताओं के कारण अमेरिकी साख रेटिंग को नीचा किये जाने के बाद निवेशक सॉवरेन जोखिम का भी मूल्यांकन कर रहे हैं।' मेहता ने कहा कि इसने अमेरिकी वित्त की दीर्घकालिक स्थिरता के बारे में अनिश्चितता बढ़ा दी है, जिससे निवेशकों को सोने जैसी सुरक्षित संपत्तियों की तलाश करने के लिए प्रेरित किया है।

### बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 410 अंक और निफ्टी 130 अंक चढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 410 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 130 अंक के लाभ में रहा। एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख के बीच एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 410.19 अंक चढ़कर 81,596.63 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 129.55 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,813.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, नेस्ले, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, पावर ग्रिड और आईटीसी शामिल हैं। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने बुधवार को बयान में कहा कि भारत, अमेरिकी शुल्क एवं वैश्विक व्यापार बाधाओं के नकारात्मक प्रभावों से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है।

## बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

# प्रधानमंत्री आज करेंगे राजस्थान का दौरा, देंगे कई परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को राजस्थान का दौरा करेंगे। वे बीकानेर जाएंगे और सुबह करीब 10:30 बजे देशनोक में करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद सुबह करीब 11:00 बजे प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित देशनोक स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद, वह 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, उद्घाटन करेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे और पलना में एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे। देश में रेल बुनियादी ढांचे में लगातार सुधार और वृद्धि करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री भारत के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,300 से अधिक स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया जा रहा है।

### 7 सड़क परियोजनाओं को भी करेंगे समर्पित

भारत भर में पुनर्विकसित अमृत स्टेशन सांस्कृतिक विरासत के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे, दिव्यांगजनों सहित यात्री-केंद्रित सुविधाओं और यात्रा के अनुभव को बढ़ाने के लिए टिकाऊ प्रथाओं को एकीकृत करते हैं। भारतीय रेलवे अपने नेटवर्क के 100% विद्युतीकरण की ओर अग्रसर है, जिससे रेलवे संचालन अधिक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल हो रहा है। इसके अनुरूप, प्रधान मंत्री चूरू-सादुलपुर रेल लाइन (58 किमी) की आधारशिला रखेंगे और सूरतगढ़-फलोदी (336 किमी राज्य में सड़क अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री 3 वाहन अंडरपास के निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण की आधारशिला रखेंगे। वे राजस्थान में 7 सड़क परियोजनाओं को भी समर्पित करेंगे। 4850 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली ये सड़क परियोजनाएं माल और लोगों की सुगम आवाजाही की सुविधा प्रदान करेंगी। राजमार्ग भारत-पाक सीमा तक फैले हुए हैं, जो सुरक्षा बलों के लिए सुगमता को बढ़ाते हैं और भारत के रक्षा अवसंरचना को मजबूत करते हैं।




### कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल को वसूली के अधीन होगी। ''कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित ''आईआईएफएल एचएफएल'' को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।''

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री राकेश कुमार श्रीमती सुनीता देवी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10479189) | गांव शेरपुरा तहसील नाथसरी चौपटा, जिला सिरसा, हरियाणा 125110 के लाल डोरा में स्थित LGD 6070500063 और यू.आई.डी. नं. 60705NURM1S0CRR063A वाले प्लॉट / मकान / दुकान के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3457.00, 2965.00, 2372.00. | रु. 1100947/- (रुपये ग्यारह लाख नौ सौ सैंतालीस केवल) | 12/03/2025 | 19/05/2025 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 22.05.2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

### ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट-IV ए) (नियम 8 (6))

प्रत्याभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात ''एक्ट'') के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल-एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव -122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालय :- **''एससीओ-41पी, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001''** के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी (''एओ'') आईआईएफएल-एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु ''जैसा है जहां है आधार, जो है जहां है आधार और बिना अवलम्ब आधार'' पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पैक्ट नम्बर में अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन | भौतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री दिनेश कुमार 2. श्रीमती बबली रानी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10469088) | 14-मार्च-2024 रु. 7,57,348/- (रुपये सात लाख सतावन हजार तीन सौ अड़तालीस केवल) | देहा बस्ती, तह. व जिला करनाल, हरियाणा-132001 में स्थित खसरा नं. 11131/1380 (8-5) में निहित खेवट नं. 76, खतौनी नं. 113 में से सम्पत्ति वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 450.00, 170.00, 144.00 | 12-दिस.-2024 | रु. 3,40,000/- (रुपये तीन लाख चालीस हजार केवल) |
| | बोली बढ़ौतरी राशि रु. 20,000/- (रुपये बीस हजार केवल) | | कुल बकाया दिनांक 20 मई 2025 के अनुसार रु. 10,80,065/- (रुपये दस लाख अस्सी हजार पैंसठ केवल) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रु. 34,000/- (रुपये चौंतीस हजार केवल) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अन्तिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 05 जून 2025 1100 बजे - 1400 बजे | 09 जून 2025 अप. 5.00 बजे तक | 11 जून 2025 1100 बजे - 1300 बजे |

**भुगतान का मोड :-** ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने है। भुगतान करने के लिये आपको https://www.iiflonehome.com पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। **टिप्पणी :** प्रत्येक सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं।
**बकाया भुगतान हेतु - लॉगइन करें https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount**

**नियम एवं शर्तें :-**

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में भुगतान विवरण के तहत ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना ''निविदा प्रपत्र'' जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम ''बोली बढ़ौतरी राशि'' के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि का शेष 75% सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए। सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे।
4. खरीदार को उपकर, लागू स्टांप ड्यूटी, शुल्क और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य देय जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और लागत दरों सहित चार्जेज वहन करने होंगे।
5. खरीददार को बिक्री राशि के लेन-देन / भुगतान करने के लिए टीडीएस अप्लीकेशन भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफल के पास टीडीएस प्रमाण-पत्र जमा करवाना होगा।
6. **बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिये अपनी बोलियां जमा करवाने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को पढ़ना चाहिए।**
7. विवरण, ई-नीलामी पर मदद प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु संभाव्य बोलीदाता सेवाप्रदाता से सम्पर्क कर सकते हैं ई-मेल आईडी :- care@iiflonehome.com, सपोर्ट हैल्पलाइन नम्बर : @1800 2672 499
8. सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली इत्यादि से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिये आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नं. 1800 2672 499 पर 09:30 बजे से 18:00 बजे के बीच सोमवार से शुक्रवार तक कॉल करें अथवा care@iiflonehome.com पर ई-मेल लिखें।
9. उपरोक्त कर्जदारों को एतद् द्वारा 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय प्रत्याभूत परिसम्पत्ति में रखे गये घरेलू सामानों को एकत्र करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा आईआईएफएल -एचएफएल परिस्थितियों के तहत संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा कर्जदार/ों को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता / नीलामी खरीदकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी को स्थगित करने / रद्द करने अथवा नियम एवं शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 उप नियम (1) के तहत 15 दिन की बिक्री सूचना**

कर्जदारों को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वह निविदा/नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक व्यय के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान कर दें, जिसमें विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया देय राशि है तो ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी

स्थान : करनाल, दिनांक: 22 मई 2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड-5054 (डब्ल्यू.पी.2024-25) (ग्रुप-3) (जीएसटी के बिना) के तहत सिरसा निर्वाचन क्षेत्र में सिरसा जिले में 4 अदद रोड को चौड़ा करना / मजबूतीकरण, ऊपर उठाना और सीसीबी, आईपीबी / 20 मिमी पीसी पुनः बिछाने के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत हेतु डीएनआईटी अर्थात 1. सिरसा-नत्तार-मोडिया खेड़ा रोड कि.मी. 0 से 0.30 पर सीसीबी पुनः बिछाने / ऊपर उठाने का प्रावधान (रोड आईडी : 5830) 2. सलारपुर लिंक रोड कि.मी. 0 से 1.01 पर 20 मिमी पीसी का प्रावधान (रोड आईडी : 5878), 3. खाजा खेड़ा से नत्तार रोड कि.मी. 0 से 0.85 तक रोड पर आईपीबी / मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी : 10990), 4. सलारपुर से मंगाला-ऐलनाबाद रोड कि.मी. 0 से 2.90 तक रोड का सुधार (रोड आईडी : 2193) + 1 कार्य। | 20.05.2025 30.05.2025 | 405.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड 3054 के तहत सिरसा जिले में रानियां निर्वाचन क्षेत्र में (डब्ल्यू.पी. 2025-26) कि.मी. 19.535 से 19.935 में सिरसा-ओटू-रानियां डबवाली रोड (एसएच-32) (रोड आईडी 5804) पर सीसीपी के प्रावधान हेतु डीएनआईटी। | 20.05.2025 30.05.2025 | 123.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में आवासीय एक्मॉडेशन सहित गांव निग्धु में सीएचसी का निर्माण (मुख्य भवन के लिए सोलर वाटर हीटिंग सिस्टम का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 21.05.2025 27.05.2025 | 41.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा में बोलने और सुनने में बाधित व्यक्तियों के लिए आर.के.जे. कल्याण केन्द्र में सोलर पावर प्लांट (ग्रिड पर) का प्रावधान। | 20.05.2025 27.05.2025 | 8.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज हिसार | खरड़, हिसार1, धानक चौपाल का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 10 कार्य। | 20.05.2025 02.06.2025 | 64.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव सालवान खण्ड असंध, जिला करनाल में एक्सचेंज वाली गली के निर्माण का विस्तृत आकलन + 4 कार्य। | 20.05.2025 09.06.2025 | 59.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव पबाना हस्सनपुर खण्ड मुनक में मोसम के मकान से नकली राणा के खेत तक रास्ता के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन। | 14.05.2025 03.06.2025 | 18.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज नारनौल | गौड, खण्ड नारनौल - उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 20 कार्य। | 20.05.2025 27.05.2025 | 629.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज पंचकूला | गढ़ी कोताहा - गांव गढ़ी कोताहा खण्ड रायपुर रानी, जिला पंचकूला में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 19.05.2025 26.05.2025 | 54.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज रेवाड़ी | रेवाड़ी में जिला परिषद भवन में विद्युत स्थापना कार्य का प्रावधान। | 19.05.2025 29.05.2025 | 832.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव पंचगांव खण्ड बाढड़ा में एससी चौपाल का निर्माण + 2 कार्य। | 20.06.2025 26.05.2025 | 48.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | नवनिर्मित तालाब गांव ढिलनवास के अंदर आउटफॉलिंग और बाढ़ के पानी को निकालने के लिए निर्मित गोरिया पम्प हाउस पर विद्युत कनेक्शनों का प्रावधान (आंतरिक कार्य)। | बंद होने की तिथि 26.05.2025 | 17.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | माधोगढ़ ब्रांच के कि.मी. 7.300 एल/एस से गांव नवां के धोभावाली तालाब को भरने के लिए भूमिगत पाइप लाइन 350 एनपी3 बिछाना + 4 कार्य। | 14.05.2025 26.05.2025 | 60.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 14 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | हरियाणा रोडवेज के डिपो में एक वर्ष की आवश्यकता पूरी करने के लिए विभिन्न आकारों के पॉलीप्रोपिलीन कंटेनर ऑटोमोटिव बैटरियों की खरीद के लिए नई ऑनलाइन निविदा सूचना, लागत रु. 3.37 करोड़ लगभग। | 27.05.2025 16.06.2025 | 3.37 करोड़ | http://wwwhartrans.gov.in | 1722709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |
| 15 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | हरियाणा रोडवेज के डिपो में एक वर्ष की आवश्यकता पूरी करने के लिए थर्मल पेपर रोल्स हेतु नई ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना कुल लागत रु. 1.46 करोड़ लगभग। | 27.05.2025 16.06.2025 | 1.46 करोड़ | http://wwwhartrans.gov.in | 1722709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/300/34986/I/88/6 दि. 21.05.25


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

# तनाव के बीच पाकिस्तान के खिलाफ भारत का सख्त एक्शन

## खुजदार हमले को लेकर दोष मढ़ने पर लगाई कड़ी फटकार, उच्चायोग कर्मी अवांछित व्यक्ति घोषित

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** पहलगाम हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ दो अहम कदम उठाए। जिनमें से एक में उसे बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार में एक स्कूल बस में हुए भयंकर विस्फोट के मामले में भारत पर दोषारोपण करने के लिए कड़ी फटकार लगाई गई। जबकि दूसरे में नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक अधिकारी को अपने कार्य क्षेत्र से बाहर जाकर संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के लिए अवांछित व्यक्ति घोषित कर उसे 24 घंटे के अंदर देश छोड़ने का निर्देश दिया गया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत खुजदार की घटना को लेकर पाकिस्तान द्वारा भारत पर लगाए गए निराधार आरोपों को सिरे से खारिज करता है। हम इस मामले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं। साथ ही ये भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि पाकिस्तान की तरफ से भारत पर किया गया दोषारोपण उसके द्वारा केवल अपनी वैश्विक आतंकवाद के केंद्र के रूप में बनी हुई छवि से ध्यान भटकाकर अपनी विफलताओं को छिपाने की कोशिश का हिस्सा मात्र है। यह पाकिस्तान की उस पुरानी आदत का हिस्सा है, जिसमें वो अपने आंतरिक मामलों में भारत पर आरोप मढ़ता है। लेकिन दुनिया की आंखों में धूल झोंकने की उसकी ये कोशिश अब विफल होने लगी है। यहां बता दें कि मामले को लेकर पाकिस्तान की सेना के मीडिया सेल आईएसपीआर ने भारत पर आरोप लगाए थे। इस घटना में कुल करीब पांच लोगों की मौत हुई है, जिसमें तीन बच्चे शामिल हैं। जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हैं।

### जांच में जुटी सेना और पुलिस

कोलकाता। कोलकाता के आसमान में रहस्यमयी ड्रोन दिखने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ये ड्रोन सोमवार की रात को दिखाई दिए। ये ड्रोन कहां से आए और इन्हें कौन चला रहा था, इसकी जांच कोलकाता पुलिस कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमवार रात कोलकाता के कई इलाकों में इन ड्रोन को मंडराते हुए देखा गया।




*बीजिंग पहुंचे पाक विदेश मंत्री और अफगानी मंत्री*

# चीन प्रायोजित बीआरआई अफगानिस्तान तक जुड़ेगा, सीपीईसी प्रोजेक्ट को बढ़ाया

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने बुधवार को चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमत हुए हैं। इस्लामाबाद में विदेश कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सीपीईसी से संबंधित घोषणा पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग यी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के बीच बीजिंग में एक अनौपचारिक त्रिपक्षीय बैठक के बाद की गई। इस परियोजना के तहत चीन के औद्योगिक शहरों को जोड़ने वाला सड़क मार्ग पाक अधिकृत कश्मीर से होते हुए ग्वादर पोर्ट (बलूचिस्तान, पाकिस्तान) तक जाता है। अब इस पोर्ट से अफगानिस्तान को जोड़ने की चीन की मंशा परवान चढ़ेगी।



**सड़क मार्ग पीओके से होते हुए ग्वादर पोर्ट तक जाता है**

### तीनों देशों ने किया आपसी सहयोग

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि तीनों विदेश मंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक कनेक्टिविटी के लिए त्रिपक्षीय सहयोग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। तीनों ने 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) सहयोग को गहरा करने और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमति व्यक्त की। इन तीनों के बीच कूटनीतिक संपर्क स्थापित करने, आपसी संवाद बढ़ाने, आपसी कारोबार बढ़ाने के लिए उचित कदम उठाने को लेकर भी बात हुई है। तीनों मंत्रियों के बीच आतंकवाद के खिलाफ कदम उठाने और इस क्षेत्र में स्थिरता लाने पर भी विमर्श हुआ है। बीआरआई के तहत 60 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाले सीपीईसी के निर्माण का भारत इस आधार पर विरोध करता है कि यह कश्मीर के उस हिस्से से गुजरता है जिस पर पाकिस्तान ने अनाधिकृत तरीके से कब्जा कर रखा है।

### *शहतूत डैम प्रोजेक्ट में अफगानिस्तान की मदद करेगा भारत*

*वहीं, भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 15 मई को तालिबान के विदेश मंत्री से फोन पर बात की थी। ईरान स्थित चाबहार पोर्ट को अफगानिस्तान से जोड़ने की सड़क व रेल मार्ग की संभाव्यता पर भी बात हुई थी। तालिबान ने इसमें सहयोग देने का वादा किया था। साथ ही भारत ने काबुल नदी पर शहतूत डैम प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। भारत और अफगानिस्तान ने फरवरी 2021 में शहतूत बांध के लिए एक समझौता किया था। शहतूत डैम एक हाइड्रोपावर और इरिगेशन प्रोजेक्ट है। भारत 236 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता दे रहा है। यह प्रोजेक्ट 3 साल में पूरा होगा और 4 हजार हेक्टेयर जमीन की सिंचाई करेगा। साथ ही 2 मिलियन लोगों को पीने का पानी देगा।*

### चीन ने एक तीर से साधे कई निशाने

चीन ने परियोजना के लिए तालिबान सरकार को तैयार कर एक तीर से कई निशाने साधे हैं। पहला, चीन ने एक झटके में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहे तनाव को काफी हद तक कम कर दिया है। पाकिस्तान व फगानिस्तान में पिछले कई महीनों से तनाव है। यहां तक कि भारत ने जब 7-8 मई, 2025 को ऑपरेशन सिंदूर लांच किया तो अफगानिस्तान ने इससे संबंधित मामले में परोक्ष तौर पर भारत का समर्थन किया।

**कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच साल बाद फिर शुरू**

## विदेश मंत्रालय ने लॉटरी सिस्टम से यात्रियों के नामों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** पांच वर्ष बाद इस साल जून से एक बार फिर भारतीय तीर्थयात्री मानसरोवर की यात्रा पर जा सकेंगे। इस बारे में चीन और भारत के बीच पहले से ही बनी सहमति के बाद बुधवार को विदेश मंत्रालय ने लॉटरी सिस्टम के जरिए सौभाग्यशाली यात्रियों के नामों की घोषणा की। विदेश मंत्रालय ने बताया है कि जून से अगस्त के बीच 50-50 यात्रियों का कुल 15 जत्था मानसरोवर यात्रा के लिए रवाना होगा। इनमें से 50-50 के पांच यात्री जत्था लिपुलेख के रास्ते मानसरोवर जाएंगे, जबकि 50-50 यात्रियों के 10 जत्थे अलग-अलग समय नाथु ला रूट से रवाना होंगे। यह भी बताया गया है कि दोनों मार्ग काफी हद तक कार से जाने लायक बना दिए गए हैं, इसलिए यात्रियों को बहुत ही कम यात्रा पैदल करनी होगी।

### 2019 में बंद हुई थी कैलाश मानसरोवर यात्रा

बता दें, वर्ष 2019 के बाद कोविड और भारत-चीन संबंधों के खराब होने की वजह से कैलाश मानसरोवर यात्रा बंद कर दी गई थी। इसको फिर से शुरू करने की सहमति अक्टूबर, 2024 में पीएम नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात में बनी। तब दोनों नेताओं ने अप्रैल, 2020 से पूर्वी लद्दाख से सटे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) में चीनी सेना की घुसपैठ के बाद उपजे तनाव को समाप्त करने को सहमत हुए थे।






VML.5805.2025HIN